# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

4 दिसंबर 2025

गुरुवार

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ





तीसरे दिन थमा नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान 2

## संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करने की जरूरत हटाई

- नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने का हो रहा है प्रयास

**एजेंसी । नई दिल्ली**

संचार साथी एप पर बढ़ते विवादों के बीच केंद्र सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार ने फोन में इस एप के प्री-इंस्टॉलेशन को जरूरी नहीं बताया है। दूरसंचार मंत्रालय ने कहा कि इस एप की प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता को हटाने की जानकारी दी है। दूरसंचार मंत्रालय ने कहा कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है। संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निमार्ताओं के लिए अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन को हटाने का फैसला लिया है। बता दें कि, केंद्र सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। 28 नवंबर को सरकार से आदेश मिलने के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इंकार कर दिया था। कंपनी ने कहा था कि यह कदम पचेवदम यूजर्स के निजी डेटा को खतरे में डाल सकता है। एपल ने कहा था कि कंपनी अपनी चिंताएं सरकार के सामने रखेगी। दरअसल, सरकार ने सभी नागरिकों को साइबर सिक्योरिटी देने के इरादे से सभी स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करना जरूरी कर दिया था। यह ऐप सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ साइबर फ्रॉड से लोगों से बचाना है।





### विपक्ष ने लगाए जासूसी के आरोप

विपक्ष का आरोप है कि इस ऐप का इस्तेमाल लोगों की जासूसी के लिए किया जाएगा। विपक्ष के हंगामे के बीच केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इसका मकसद देश उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जो इस ऐप को नहीं रखना चाहता वो अपने फोन से इसे अन्य ऐप्स की तरह अनइंस्टॉल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप ऐप इस्तेमाल करना चाहते हैं तो इसे एक्टिवेट करें, अगर नहीं चाहते तो एक्टिवेट करने की जरूरत नहीं है। यह किसी के लिए भी अनिवार्य नहीं है। ऐप की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही थी इसलिए इसे अनिवार्य करने का फैसला लिया गया था ताकि कम जागरूक लोगों तक भी सुरक्षा आसानी से पहुंच सके। पिछले 1 दिन में ही 6 लाख लोगों ने इस ऐप डाउनलोड करने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जो पहले के मुकाबले 10 गुना ज्यादा है। सरकार की तरफ से कहा गया कि अब तक 1.4 करोड़ यूजर्स इस ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं और रोज करीब 2000 फ्रॉड की घटनाओं की जानकारी मिल रही है। कांग्रेस ने राज्यसभा में संचार साथी मोबाइल एप्लिकेशन को लेकर चिंता जताते हुए कहा था कि यह हर व्यक्ति के निजता के अधिकार का हनन है।

## इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण से यात्रियों की लगातार बढ़ रही परेशानी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश की विमानन नियामक संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में लगातार हो रही देरी और रद्दीकरण को लेकर जांच शुरू कर दी है। डीजीसीए ने कहा है कि वह स्थिति की बारीकी से समीक्षा कर रही है और ऐसे कदमों पर विचार कर रही है, जिनसे यात्रियों को हो रही असुविधा कम हो सके। डीजीसीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इंडिगो को निर्देश दिया गया है कि वह मौजूदा व्यवधानों की वजहों का पूरा विवरण पेश करे। इसके साथ ही एयरलाइन से यह भी पूछा गया है कि वह स्थिति में सुधार के लिए क्या कदम उठा रही है। नियामक ने साफ किया कि एयरलाइन को न केवल कारण बताने होंगे, बल्कि यह भी बताना होगा कि आगे ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए उसकी योजना क्या है। हवाई यात्रियों की बढ़ती शिकायतों और सोशल मीडिया पर सामने आ रहे वीडियो तथा प्रतिक्रिया को देखते हुए डीजीसीए इस मामले को गंभीरता से ले रही है। एविएशन सेक्टर में इंडिगो भारत की प्रमुख एयरलाइन मानी जाती है। ऐसे में उसकी उड़ानों में बार-बार हो रही गड़बड़ी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है- कई यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ उड़ानें अचानक रद्द भी हुईं। डीजीसीए ने कहा कि वह स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर कड़े कदम उठाए जाएंगे ताकि समय पर उड़ान संचालन सुनिश्चित हो सके और यात्रियों का भरोसा बना रहे। इंडिगो ने हाल के परिचालन का सारांश प्रस्तुत किया - इस अवधि के दौरान कुल 1232 उड़ानें रद्द की गईं।





### सर्वदलीय बैठक का दिखा असर, प्रश्नकाल बिना व्यवधान हुआ पूरा

## शीतकालीन सत्र : दो दिनों के गतिरोध के बाद तीसरे दिन बिना हंगामे के चली संसद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों का भारी हंगामा तीसरे दिन आते-आते ठहर गया। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर विपक्ष के जोरदार विरोध और लगातार बाधित कार्यवाही के बाद बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा ने ऐसी तस्वीर पेश की, जिसकी उम्मीद थी। वंदे मातरम् और चुनाव सुधारों पर अगले सप्ताह व्यापक चर्चा कराने पर सहमति बनने से विपक्ष तेवर नरम पड़ा और सदन पटरी पर आ गया। प्रश्नकाल बिना व्यवधान पूरा हुआ और दिनभर की गतिविधियों ने स्पष्ट संकेत दिया कि राजनीतिक विवादों के बीच भी कार्यवाही को सुचारु रखना संभव है बशर्ते पक्ष और विपक्ष दोनों इसकी जरूरत समझें। संसद का शीतकालीन सत्र दो दिन के गतिरोध के बाद तीसरे दिन बिना किसी हंगामे के चला। सर्वदलीय बैठक के सकारात्मक प्रभाव और विपक्षी दलों के सहयोग से सदन में शांति बनी रही। महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिससे जनहित के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। संसद का सुचारू संचालन लोकतंत्र के लिए एक अच्छा संकेत है।



### लोकसभा में दिखा सर्वदलीय बैठक का असर

लोकसभा की शुरूआत स्वर्गीय सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलि से हुई और उसके बाद सीधे प्रश्नकाल आया। यह वह क्षण था जिसने स्पष्ट कर दिया कि स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक का असर दिखाई दे रहा है। यहां तक कि सदन के भीतर नियमों की अनदेखी कर तस्वीरें खींचने पर औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार को स्पीकर ने तत्काल फटकार लगाई और कहा कि आज तो फोटो खींच लिया है, आइंदा ऐसा हुआ तो कार्रवाई करेंगे। सदन इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी केंद्रित रहा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फर्जी खबरों और एआई-जनित डीपफेक पर सख्त कानूनों की जरूरत को रेखांकित किया और नए नियम लाए जाने की बात कही। पंजाब के बाढ़ग्रस्त किसानों के लिए विशेष पैकेज की मांग भी जीरो आवर में जोरदार तरीके से उठी। हालांकि इसके पहले विपक्ष ने सदन के बाहर श्रम संहिताओं और केंद्र-राज्य संबंधों के सवालों पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा, किंतु सदन के भीतर रुख संयमित रहा। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ह्लकम्पेंसेशन सेस, जो 2022 तक एकत्र किया गया, वह राज्यों को ही दिया गया। जीएसटी लागू किए जाने के समय कानून के अनुसार यह सेस पाँच पूर्ण वर्षों तक ही वसूला जाना था, और इसका प्रावधान 2022 में समाप्त हो गया।ह्व लोकसभा में लोकमहत्व के मुद्दे उठाए जाने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक पेश किया।

## जाति जनगणना में देरी पर राहुल गांधी का सरकार पर तीखा अटैक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने लिखित प्रश्न का सरकार की ओर से दिए गए उत्तर का हवाला देते हुए दावा किया कि मोदी सरकार के पास जाति जनगणना को लेकर कोई ठोस रूपरेखा और योजना नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है। कांग्रेस के राहुल गांधी ने किया कि संसद में मैंने सरकार से जाति जनगणना पर सवाल पूछा था। उनका जवाब चौंकाने वाला है। न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा और न ही जनता से संवाद।' उन्होंने दावा किया कि दूसरे राज्यों की सफल जाति जनगणनाओं की रणनीति से सीखने की कोई इच्छा भी नहीं है। मोदी सरकार की यह जाति जनगणना देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है। राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में लिखित प्रश्न किया था कि दशकीय जनगणना की तैयारी के लिए प्रमुख प्रक्रियात्मक कदमों का ब्यौरा और संभावित समयसीमा क्या है, जिसमें प्रश्नों की तैयारी, कार्यक्रम निर्धारित करना शामिल है? क्या सरकार का जनगणना के सवालों का प्रारूप प्रकाशित करने और इन सवालों पर जनता या जनप्रतिनिधियों से इनपुट लेने का कोई प्रस्ताव है? क्या सरकार अलग-अलग राज्यों में किए गए जाति सर्वेक्षण समेत पिछले अनुभवों पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है।

## 32 हजार शिक्षकों को मिली बड़ी राहत, अब नहीं जाएगी नौकरी

**एजेंसी । कलकत्ता**

पश्चिम बंगाल के करीब 32,000 प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों को बुधवार को बड़ी राहत मिली है। कलकत्ता हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने एकल पीठ के उस फैसले को खारिज कर दिया है, जिसमें इन सभी शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। कोर्ट के ताजा आदेश के बाद इन शिक्षकों की नौकरी पर छाया खतरा पूरी तरह टल गया है। दरअसल, ये नियुक्तियां वर्ष 2014 की शिक्षक पात्रता परीक्षा के माध्यम से हुई थीं। जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि वह एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखने के लिए इच्छुक नहीं है, क्योंकि सभी नियुक्तियों में अनियमितता साबित नहीं हुई है। अदालत के अनुसार, नौ साल बाद इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों की नौकरी समाप्त करने से उनके जीवन और परिवारों पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।सीबीआई, जिसे हाई कोर्ट ने मामले की जांच का निर्देश दिया था, ने अपनी जांच में शुरूआती तौर पर 264 नियुक्तियों में अनियमितता पाई थी। बाद में 96 और शिक्षकों के नाम जांच दायरे में आए। कोर्ट ने कहा कि सीमित स्तर पर मिली अनियमितताओं के आधार पर पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता।बता दें कि तत्कालीन न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने 12 मई 2023 को 32,000 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य ठहराते हुए उन्हें रद्द कर दिया था। नए फैसले के बाद इन सभी शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है और राज्य में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में स्थिरता आने की उम्मीद है।

### तत्काल टिकटों को कंफर्म करने में हो रहा लगातार दुरुपयोग

## रेलवे टिकटिंग सिस्टम में अब ओटीपी से होगा वेरिफिकेशन

- फर्जी नंबरों, एजेंटों की मिलीभगत और गलत तरीके से बुकिंग की शिकायतें अक्सर आते है सामने

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे अपने टिकटिंग सिस्टम को और अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार बदलाव कर रहा है। अब रेलवे काउंटर से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी वेरिफिकेशन अनिवार्य करने जा रहा है। इसका मतलब यह है कि बिना ओटीपी के तत्काल टिकट लगभग नामुमकिन हो जाएगा। रेलवे के अनुसार, तत्काल टिकटों का सबसे बड़ा मुद्दा हमेशा उनका दुरुपयोग रहा है। फर्जी नंबरों, एजेंटों की मिलीभगत और गलत तरीके से बुकिंग की शिकायतें अक्सर सामने आती रही हैं। ओटीपी -बेस्ड सिस्टम इस तरह के दुरुपयोग को रोकने में मदद करेगा और असली यात्रियों को ही टिकट मिलने की सुविधा सुनिश्चित करेगा। इससे टिकट बुकिंग में पारदर्शिता और भरोसा दोनों बढ़ेंगे।रेलवे ने पहले इस मॉडल को ऑनलाइन टिकटिंग में लागू किया है। जुलाई 2025 में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए आधार-बेस्ड ऑथेंटिकेशन शुरू किया गया और अक्टूबर 2025 में सभी जनरल रिजर्वेशन के लिए ऑनलाइन ओटीपी वेरिफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया। यात्रियों ने इन बदलावों को सहजता से अपनाया, जिससे रेलवे को टिकट प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता मिली।17 नवंबर 2025 से रेलवे ने ओटीपी -बेस्ड तत्काल टिकट बुकिंग का काउंटर पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। शुरूआत कुछ ट्रेनों से हुई और इसे अब 52 ट्रेनों तक बढ़ा दिया गया है।










# सरलता, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के सर्वोच्च प्रतीक थे प्रथम राष्ट्रपति : डॉ. मनोज पांडे



- डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत रत्न एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बुधवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महान व्यक्तित्व को नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता आंदोलन में डॉ. प्रसाद के अनुपम योगदान, उनकी सरलता, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति और आदर्श प्रशासनिक क्षमता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय राजनीति में सादगी, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता के सर्वोच्च प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में डॉ. प्रसाद ने संवैधानिक पद की गरिमा को नई ऊंचाई दी। उन्होंने कहा कि आज भी उनका जीवन हर जनसेवक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका संदेश था कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं, और यही विचारधारा हमें आगे बढ़ने की शक्ति देती है।

मीडिया संदर्भ के लिए उन्होंने संविधान लागू होने के ऐतिहासिक अवसर पर डॉ. प्रसाद के उस वक्तव्य को भी याद किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ह्लहमारी आजादी अत्यंत बलिदानों से मिली है, इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का पवित्र कर्तव्य है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यही संदेश आज देश के प्रत्येक नागरिक और जनप्रतिनिधि के लिए मार्गदर्शक होना चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी ने इस अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन बक्सर जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय पांडे ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सत्येंद्र ओझा, बब्बन तुरहा, कुमकुम देवी, दिवाकर सेठ, मंजू कुशवाहा, रामधनी राम, राकेश यादव, राजू यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा और उनके आदर्श सदैव देशहित में मार्गदर्शन देते रहेंगे।

### पूरे दिन इंतजार करती रही पुलिस, नहीं आई नगर परिषद की टीम, बोले ईओ मापी के बाद फिर चलेगा अभियान

# तीसरे दिन थमा नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार दो दिन अभियान चलाए जाने के बाद तीसरे अचानक अभियान को रोक दिया गया। इस दौरान डुमरांव थाने में पूरे दिन स्थानीय पुलिस व अतिक्रमण हटवाने में मदद की लिहाज से आई दंगा निरोधी दस्ता इंतजार करते रह गई, लेकिन नगर परिषद प्रशासन के दर्शन नहीं हुए।

डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस टीम को मुश्तैद रखा गया था। पूरे दिन डुमरांव थाने में पुलिस लाइन से आई दंगा निरोधी टीम भी मौजूद रही, लेकिन नगर परिषद प्रशासन अतिक्रमण हटाने नहीं आया और न ही किसी तरह की सूचना दी गई।

शाम में ईओ राहुलधर दूबे से जब संपर्क स्थापित किया गया तो उन्होंने बताया कि मापी के बाद फिर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा। हालांकि, ये इस दौरान ये नहीं बता सके कि क्या अभी तक बिना मापी कराए ही अतिक्रमण हटाया जा रहा था।

बता दें कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा सोमवार व मंगलवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इस दौरान स्टेशन रोड, राजगोला रोड, चौक रोड, राजगढ़ चौक, छठिया पोखरा, शहीद स्मारक आदि इलाकों में बुलडोजर से अतिक्रमणकारियों के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। हालांकि, नगर परिषद का यह अभियान पहले दिन से ही विवादित साबित हुआ। लोगों ने नगर परिषद प्रशासन पर भेदभाव करने तथा पैरवी व पहुंच वालों के निर्माण पर बुलडोजर नहीं चलाने का आरोप भी लगाया।

#### सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिस से की शिकायत

सबसे गंभीर आरोप ट्री मैन नाम से विख्यात तथा छठिया पोखरा निवासी उमेश गुप्ता ने लगाए। उन्होंने बताया कि मेरा घर नगर परिषद के प्रधान सहायक दुर्गेश कुमार सिंह के घर के ठीग बगल में है। नगर परिषद की जो टीम अतिक्रमण हटाने आई थी, उसने मेरे घर के आगे नाली पर बने स्लैब व सीढ़ियों को तोड़ दिया जबकि बगल में स्थित प्रधान सहायक के घर के आगे बने रैंप तथा अन्य निर्माण को नहीं तोड़ा गया। जब मैने इस पर सवाल उठाया तो मेरे साथ बदसलूकी व मारपीट की गई। उमेश ने इस मामले में स्थानीय थाने में आवेदन भी दिया। वहीं, मंगलवार की शाम भी उमेश गुप्ता ने कुछ लोगों द्वारा दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने तथा मार-पीट करने की धमकी देने का आरोप लगा, पुलिस से गुहार लगाई। उनकी शिकायत पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।

#### एक समान नहीं चलाया गया है अभियान

लोगों का कहना है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ जो अभियान चलाया गया, उसमें समानता देखने को नहीं मिली है। मसलन स्टेशन रोड में नया थाना से हरिजी के हाता तक अभियान के तहत किसी भी अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा गया। वहीं, हरिजी के हाता से आगे व पुराने नगर परिषद कार्यालय के पहले सिर्फ सड़क के पश्चिमी भाग में ही कुछ अतिक्रमण हटाया गया। फिर पुराने नगर परिषरद कार्यालय से आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। वहीं, गोला रोड में भी एक समान रूप से सड़क के दोनों किनारे को अतिक्रमणमुक्त नहीं कराया गया, बल्कि नगर परिषद प्रशासन की कार्रवाई थमते ही गोला रोड में फिर से फुटपाथी दुकानदार सक्रिय हो गए। जिससे यह साफ हो गया है कि अतिक्रमणकारियों को नगर परिषद प्रशासन को खौफ नहीं रह गया है।

## सिमरी में मुखिया संघ कार्यालय उद्घाटन, विकास को मिलेगी रफ़्तार

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को मुखिया संघ कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई, जिसके बाद उपस्थित पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में नए कार्यालय के संचालन की औपचारिक घोषणा की गई।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि मुखिया संघ कार्यालय का स्थापित होना प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से पंचायतों की समस्याओं का त्वरित समाधान, योजनाओं की निगरानी तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। ठक्व् ने उपस्थित सभी मुखिया एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें विकास की पहली इकाई हैं, और उनके सशक्त होने से ही प्रखंड व जिला स्तर पर बेहतर परिणाम सामने आते हैं।

कार्यक्रम में मुखिया संघ अध्यक्ष प्रेम सागर कुमार, गायघाट पंचायत के मुखिया दिनेश पांडे, सिमरी पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार पांडे, पंचायत के मुखिया अशोक राय, राजपुर पंचायत के मुखिया मदन राय, मजवाड़ी पंचायत के मुखिया सलीम अंसारी, समाजसेवी प्रेम केशव मिश्रा सहित कई पंचायतों के मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से कहा कि इस कार्यालय के खुलने से मुखियाओं को एक साझा मंच मिलेगा, जहां वे आपसी समन्वय से विकास योजनाओं की गति तेज कर सकेंगे।

कुमार अर्थोपेडिक क्लिनिक
Mob : 9122226720
डॉ0 वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडिक सर्जन
M.B.B.S., D. Ortho PMCH
एफ. आई. एम. एस. (युके)
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ0 अरूण कुमार
M.B.B.S., D.N.B. (New Delhi)
FMAS (New Delhi), DMAS (Germany)
पेट रोग विशेषज्ञ
जेनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. एस. के. अम्बष्ठा
M.B.B.S., M.D. (Gold Medalist)
Dermatologist & Cosmetologist
चर्म रोग, कुष्ट रोग, सौंदर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
SKIN SPECIALIST
(Skin, VD, Laprosy & Cosmetics)
पताः– सुमित्राा महिला कॉलेज से पूरब, ढ़ेलवानी मोड़, डुमरॉव

## दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण

- जिलाधिकारी व एसपी ने किया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर सम्मानित

**केटी न्यूज/बक्सर**

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बक्सर में बुधवार को दिव्यांगजनों के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 150 दिव्यांगजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कुल 30 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाईकिल प्रदान की गई। इन आधुनिक ट्राईसाईकिलों के मिलने से लाभुकों की दैनिक जीवन में गतिशीलता बढ़ेगी तथा स्वावलंबन को मजबूती मिलेगी। वहीं अन्य 15 दिव्यांगजनों के बीच व्हीलचेयर, ट्राईपॉड, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग सहित विभिन्न आवश्यक उपकरणों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने लाभुकों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। जिलाधिकारी डॉ. सिंह ने उपस्थित दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बैट्री चालित ट्राईसाईकिल एवं सहायक उपकरण वितरण अभियान लगातार जारी रहेगा और अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे उपलब्ध सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें।

## चौसा में होल्डिंग टैक्स वसूली तेज, 8 से 22 दिसंबर तक वार्डों में लगेगा विशेष कैंप

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स संग्रह को गति देने के लिए प्रशासन ने व्यापक अभियान की शुरूआत कर दी है। नगर पंचायत द्वारा 8 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सभी वार्डों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें लोगों को टैक्स से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ वहीं पर जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक करदाताओं को सुविधा देकर राजस्व संग्रह को पारदर्शी और सरल बनाना है।




अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए नगर पंचायत की टीम लगातार ऑटो से ध्वनि प्रसारण कर रही है। शहर भर में बैनर, पोस्टर और माइकिंग के माध्यम से लोगों को निर्धारित तिथियों पर कैंप में पहुंचने का आग्रह किया जा रहा है। वार्ड पार्षदों को भी सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक से अधिक नागरिकों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश के तहत होल्डिंग टैक्स वसूली को लेकर विशेष रफ्तार लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वार्ड-स्तरीय शिविरों से लोगों को सुविधा मिलेगी और टैक्स भुगतान प्रक्रिया में होने वाली परेशानियों में कमी आएगी। ईओ ने यह भी स्पष्ट किया कि मार्च 2026 तक टैक्स जमा करने वालों से किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाएगा, जबकि मार्च के बाद बकाया पर डेढ़ प्रतिशत ब्याज लागू होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी करदाताओं से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में लगे शिविरों में पहुंचकर समय पर टैक्स जमा करें, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई बाधा न उत्पन्न हो। प्रशासन का मानना है कि लोगों की सक्रिय भागीदारी से न केवल राजस्व बढ़ेगा, बल्कि नगर क्षेत्र में बेहतर सुविधाओं के निर्माण में भी सहायता मिलेगी।

# चौसा में अटकी विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार
# सांसद सुधाकर सिंह ने विभाग को भेजी विस्तृत अनुशंसा

- सड़क-नाला निर्माण से लेकर घाट सौंदर्यीकरण तक कई परियोजनाओं के शीघ्र अनुमोदन की मांग

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा नगर निकाय क्षेत्र की लंबित विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने पहल तेज कर दी है। नगर पंचायत की ओर से भेजे गए प्रस्तावों पर संज्ञान लेते हुए सांसद ने नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को विस्तृत अनुशंसा पत्र प्रेषित किया है। इसमें वर्षों से लंबित तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति वाली परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया गया है, ताकि चौसा में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो सके।




नगर पंचायत चौसा की चेयरमैन किरण देवी ने बीते दिनों सांसद से मुलाकात कर कई गंभीर समस्याओं की जानकारी दी थी। इनमें वार्ड 01 के महादलित बस्ती (नरबतपुर) से रानी घाट तक सड़क और नाला निर्माण, वार्ड 12 के खिलाफतपुर तथा वार्ड 13 के नारायणपुर महादलित टोला में पानी निकासी हेतु नाला निर्माण की मांग प्रमुख है। लगातार जलजमाव से जूझ रहे इन इलाकों में नाला निर्माण के बाद स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

सांसद ने बक्सर-सासाराम मुख्य सड़क (यादव मोड़) से लेकर पेट्रोल पंप और पीएचसी होते हुए नरबतपुर माइनर तक दोनों ओर नाला निर्माण की स्वीकृति देने की भी अनुशंसा की है। यह क्षेत्र लंबे समय से जल निकासी की समस्या से प्रभावित रहा है, जिसके चलते सड़क टूट-फूट और आवागमन में बाधा आम बात हो गई है।

इसी कड़ी में रानी घाट, बाजार घाट और मल्लाह टोली गंगा घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण से जुड़ी डीपीआर को भी बुडको द्वारा विभाग को भेजा गया है। सांसद ने आग्रह किया है कि इन सभी परियोजनाओं को तुरंत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि चौसा के नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधाएं जल्द उपलब्ध हो सकें।

यह पहल चौसा में बुनियादी ढांचे के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

मधुबन मैरिज हॉल
आपके सपनों का विवाह स्थल
अब आपके शहर बक्सर में विवाह, रिसेप्शन, मैरेज एनिवर्सरी, जन्मदिन और सभी शुभ अवसरों के लिए एक भव्य और सुविधाजनक उपलब्ध है स्थल
विशेषताएंः
- विशाल और सुसज्जित हॉल
- आकर्षक स्टेज डेकोरेशन
- ठहरने की उत्तम व्यवस्था (एसी/नॉन-एसी कमरे)
- बड़ा पार्किंग एरिया
- 24x7 बिजली और पानी की सुविधा
- साफ-सुथरा और हाइजीनिक किचन एरिया
- बजट के अनुसार पैकेज उपलब्ध
- हर आयोजन को बनाएं यादगार, सिर्फ मधुबन मैरिज हॉल के साथ
अखिलेश्वर पाठक
प्रोपराइटर


सारीमपुर, बक्सर
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 7061608901

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर नगर भवन में आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम




■ दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा ने जीता सबका मन, जूता, टोपी, स्वेटर सहित प्रमाण पत्र वितरित

**केटी न्यूज/बक्सर**

विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर बुधवार को बिहार शिक्षा परियोजना, बक्सर की ओर से नगर भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी बक्सर डॉ. विद्यानंद सिंह, पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य, अपर समाहर्त्ता अरुण कुमार सिंह एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अधिकारियों ने इस पहल को समावेशी शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे दिव्यांग बच्चों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्वागत गान, समूह गान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गीत, समूह गीत, चित्रांकन प्रतियोगिता, निबंध लेखन-वाचन प्रतियोगिता सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देने के लिए जलेबी दौड़, 100 मीटर दौड़, ट्राईसाइकिल दौड़, नीबू-चमच दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कारस्वरूप जूता, टोपी, स्वेटर एवं अध्ययन-सामग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही मंचन एवं प्रतियोगिताओं में शामिल बच्चों के साथ समावेशी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा एवं गतिविधियों से जोड़ने हेतु ऐसे कार्यक्रम अत्यंत प्रेरक सिद्ध होते हैं।

इस पूरे आयोजन का संचालन जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा. शिक्षा एवं समग्र शिक्षा) बक्सर की देखरेख में किया गया। समावेशी शिक्षा संगम के तहत जिले के सभी प्रखंडों के समावेशी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के विभिन्न पदाधिकारीकृजिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा, डीपीओ स्थापना एवं संगम प्रभारी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों के हौसले और प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाला यह आयोजन दिनभर चर्चा में रहा और उपस्थित लोगों ने इसे बक्सर जिले में समावेशी शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

## अजय राय के नेतृत्व में युवाओं ने घर-घर पहुंचकर असहाय दिव्यांगों को ओढ़ाया कंबल

■ विश्व दिव्यांग दिवस पर किया गया कंबल का वितरण



**केटी न्यूज/डुमरांव**

विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर डुमरांव में मानवता की मिसाल उस वक्त देखने को मिली जब स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर अजय राय की अगुवाई में युवाओं का समूह बढ़ती सर्दी से जूझ रहे लवारिस और असहाय दिव्यांगजनों के घर-घर पहुंचा। टीम ने उन्हें कम्बल ओढ़ाकर न केवल गर्माहट दी, बल्कि सामाजिक संवेदना का अनोखा संदेश भी दिया। कम्बल पाते ही दिव्यांगजनों के चेहरों पर जो मुस्कान खिली, वह इस पहल की सफलता खुद बयान करती दिखी। दिसंबर की शुरूआती ठंड ने ही कहर बरपाना शुरू कर दिया है, ऐसे में गरीब, बेसहारा और निशक्त व्यक्तियों के सामने मुश्किलें बढ़ रही हैं। इस परिस्थिति को समझते हुए अजय राय और उनकी युवा टीम लगातार कम्बल वितरण कर रही है। अजय राय ने बताया कि उनकी कोशिश है कि इलाके का कोई भी जरूरतमंद ठंड की चपेट में न आए। उन्होंने कहा कि ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम गरीब और असहाय दिव्यांग भाइयों-बहनों की मदद करें। हमारी टीम दिन-रात क्षेत्र में घूमकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर रही है जिन्हें सबसे अधिक सहायता की आवश्यकता है।अजय राय की यह मानवीय मुहिम सोशल मीडिया से लेकर स्थानीय गलियों तक चर्चा का विषय बन गई है। लोग उनकी सोच और समर्पण की जमकर सराहना कर रहे हैं। बताया जाता है कि यह पहली बार नहीं है जब अजय इस तरह का अभियान चला रहे हों। इससे पहले भी वे रेलवे स्टेशन, फुटपाथ और विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले लाचार, वृद्ध और दिव्यांग जरूरतमंदों को कम्बल बांट चुके हैं। इस नेक कार्य में वरिष्ठ समाजसेवी पवन केशरी उर्फ. बुली जी, अभिषेक रंजन, राहुल सूर्यवंशी और शुभम राय सहित कई युवा प्रमुख भूमिका में रहे। युवाओं की यह टोली जहां-जहां पहुंची, वहां उम्मीद की एक नई रोशनी जगाती चली गई। अजय राय की यह पहल साबित करती है कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए न बड़ी शक्ति की जरूरत है, न बड़े मंच की, बस एक संवेदनशील हृदय और सेवा की भावना काफी है।

## दिव्यांगजन दिवस पर 25 दिव्यांगों के बीच वितरित हुआ मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल, खुशी

■ दिव्यांगों के बीच खेल-कूद का भी हुआ आयोजन, अंग वस्त्र से किये बए पुरस्कृत



**डुमरांव।** दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर डुमरांव प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बुनियाद केन्द्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगों के बीच खेल-कूद आयोजन कर, अव्वल आने वाले को अंग वस्त्र से पुरस्कृत किया गया। फिर बैठक आयोजित कर बुनियाद केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं को बताते हुए, इसका लाभ लेने के लिये अन्य लोगों को बताने पर जोर दिया गया। फिर 25 दिव्यांगों के बीच मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। ट्राईसाईकिल पाकर सभी दिव्यांग काफी खुश थे। कुछ दिव्यांग इस आस में पहुंचे हुए थे की उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा, लेकिन उन्हें उदास होकर लौटना पड़ा। हालांकि उन्हें इसका लाभ कैसे मिलेगा सारे नियम-कानून से अवगत कराया गया।

बुनियाद केन्द्र के अधिकारियों ने बुनियाद केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं को बताया और ऐसे लोगों को यहां भेजने की सलाह दी। केन्द्र पर मिलने वाली फीजियोथेरेपी सेवा के संबंध में डा. विकास कुमार ने विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारे यहां आधुनिक मशीन के द्वरा एक्सरसाईज तकनीक के माध्यम से विभिन्न प्रकार के शारीरिक विकार जैसे सेरेब्रल, लकवा, गठिया, जोड़ो, घुटनों, कमर दर्द और हड्डियों के टूटने के बाद उत्पन्न जटिलताओं का निदान और देखभाल किया जाता है। वहीं बुनियाद केन्द्र के केश प्रबंधक मुन्ना राम ने कहा की चाक, श्रवण संबंधी जांच, आंखों की जांच के साथ उसकी उचित निदान भी बताया जाता है। बुनियाद केन्द्र के प्रबंधक ने बताया की लक्षित अभ्यार्थियों में जो वृद्धजन होंगे इसमें 60 वर्ष के सभी महिला, पुरूष एवं 18 साल की सभी विधवाओं इसका लाभ उठा सकती है। उसी तरह से दिव्यांगजनों में शारीरिक, मानसिक एवं अन्य दिव्यांगता से ग्रसित किसी भी आयु वर्ग की महिला, पुरूष एवं बच्चे इसका लाभ ले सकते हैं। उन्हें यह भी बताया गया कि कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण संबंधित जानकारियां भी दी जाती है। दिव्यांगों के साथ आए अभिभावक यहां के प्रबंधन व्यवस्ता से काफी खुश थे।

## एक नजर

### अटांव के मुखिया पति के साथ मारपीट, एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया मामला

डुमरांव। अटांव पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी के पति रमेश चौधरी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में मुखिया पति ने पिंटू यादव समेत अज्ञात लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए डुमरांव थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने जिक्र किया है कि वे मंगलवार की शाम डुमरांव से अपने गांव जा रहे थे कि रजडीहा चौक पर उनकी कार रूकवा पिंटू तथा उसके साथ में रहे युवकों द्वारा मारपीट की गई। हो हल्ला सुन जब स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें ललकारा तो वे भाग खड़े हुए। इस संबंध में डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मुखिया पति के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। वैसे इस घटना के बाद क्षेत्र में कई तरह की चचाएं हो रही है।

### अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय में भोजन व व्यवस्था को लेकर छात्रों का हंगामा, प्रबंधन पर उठे सवाल

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय में बुधवार की सुबह अव्यवस्था के खिलाफ छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। छात्रों ने भोजन में गड़बड़ी और समुचित व्यवस्था नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए विद्यालय परिसर में जमकर हो-हंगामा किया। नाश्ता समय पर नहीं मिलने से नाराज छात्र विद्यालय के मुख्य गेट पर जमा हो गए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को आरा अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय से 230 छात्रों को रामपुर छात्रावास में स्थानांतरित किया गया था। बड़ी संख्या में नए छात्रों के आने के बाद से व्यवस्थाएं और कमजोर पड़ गईं। बुधवार की सुबह समय से नाश्ता नहीं मिलने पर छात्र उग्र हो गए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना सामान लेकर गेट के बाहर जाने की तैयारी करने लगे स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कल्याण पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कराया। छात्रों ने भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को तत्काल सुधारने की मांग रखी, जिस पर पदाधिकारी ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ ने कहा कि रामपुर आवासीय विद्यालय में छात्रों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना मिली थी। प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि भोजन और अन्य सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए ताकि ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। विद्यालय के प्राचार्य से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कॉल रिसीव न होने के कारण उनसे प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और छात्रों के हित में व्यवस्थाओं के सुधार की मांग तेज हो गई है।

### छत तोड़कर घर में घुसे चोर, सोना-चांदी व नकदी उड़ाई, क्षेत्र में दहशत

**ब्रह्मपुर।** कैथी कुआवन टोला में बीती रात हुई एक बड़ी चोरी की वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया है। गांव के सोमरू यादव, पिता जीत यादव, के घर चोरों ने छत के सहारे प्रवेश कर सुनियोजित तरीके से तांडव मचाया। वारदात के दौरान चोर करीब दो लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने और 45 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना का पता लगते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित दिखे। चोरों ने जिस सटीक तरीके से घर में घुसकर चोरी की, उससे ग्रामीणों में आशंका है कि वारदात में शामिल लोगों ने पहले से घर की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी थी। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने रात में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग भी की। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभय शंकर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर का बारीकी से निरीक्षण किया, संभावित प्रवेश मार्गों की जांच की और पीड़ित परिवार से विस्तृत जानकारी ली।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराई डंपर, चालक जख्मी, रेफर

■ डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर टेढ़की पुल के पास की है घटना, चालक की नहीं हो सकी है पहचान



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर टेढ़की पुल के समीप बालू लदी एक डंपर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी। इस घटना में डंपर चालक को गंभीर चोटे आई। घटना बुधवार की सुबह करीब चार बजे की है। स्थानीय लोगों व ट्रक चालकों की सूचना पर पहुंची डायल 112 टीम ने उसे इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इसके बाद डंपर चालक के स्वजन उसे इलाज के लिए लेकर आरा चले गए। सूत्रों का कहना है कि उसकी स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। दुर्घटना कितना जबर्दस्त था इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जबकि चालक उसमें फंस गया था। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से उसे किसी तरह निकाल अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि फिलहाल चालक की पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम को भेजा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अभिरक्षा में ले लिया गया

## चौसा में रात की सुरक्षा सख्त, पुलिस ने बढ़ाई पेट्रोलिंग, एटीएम बैंक पर चौकसी तेज

■ शीतलहर के बीच बढ़ती आपराधिक वारदातों को रोकने के लिए पुलिस का विशेष अभियान शुरू, संदिग्धों पर कड़ी निगरानी




केटी न्यूज/चौसा

चौसा में रात्रिकालीन सुरक्षा को नए स्वरूप में मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। लगातार गिरते तापमान के बीच रात में होने वाली आपराधिक घटनाओं को रोकने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस ने मुख्य मार्गों से लेकर भीड़भाड़ वाले चौक-चौराहों तक अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। हाल ही में हुए एटीएम लूटकांड को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को शुरूआती चरण में ही रोकने का प्रयास कर रहा है।

प्रभारी थानाध्यक्ष चन्दन कुमार के निर्देश पर रात होते ही पुलिस टीमों को क्षेत्र में सक्रिय कर दिया जाता है। महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों, विशेषकर बैंकों और एटीएम केंद्रों, पर अतिरिक्त चौकीदार तैनात किए गए हैं, जिन्हें पूरे समय अलर्ट मोड में रहकर गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। चौकीदारों के साथ-साथ पुलिस गश्ती दल पूरी रात भीतर और बाहरी इलाकों में घूमकर सुरक्षा का जायजा लेते रहते हैं। अधिकारियों का कहना है कि ये टीमें संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने और किसी भी असामान्य स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के लिए तैयार रहती हैं।

मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों, तिराहों तथा सुनसान इलाकों में पेट्रोलिंग की आवृत्ति बढ़ा दी गई है। पुलिस वाहन लगातार आवाजाही करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, यह रणनीति न केवल अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपनाई गई है, बल्कि लोगों को निश्चिंत होकर अपने काम करने का वातावरण देने के लिए भी आवश्यक है।

पुलिस प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि की तत्काल सूचना थाने को देने को कहा गया है, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। प्रशासन का मानना है कि जन सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जा सकती है।

रात्रि सुरक्षा को लेकर पुलिस की यह सक्रियता चौसा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रशासन उम्मीद कर रहा है कि इन कठोर सुरक्षा उपायों से अपराधियों के हौसले पस्त होंगे और आम जनता सुरक्षित माहौल में अपने दिनचर्या का पालन कर सकेगी।

## संत जॉन सेकेंडरी स्कूल, डुमरांव में वार्षिकोत्सव क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

■ नवम वर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अष्टम को पांच विकेट से हराया





**केटी न्यूज/डुमरांव**

संत जॉन सेकेंडरी स्कूल, डुमरांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव के अवसर पर क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत धूमधाम से की गई। विद्यार्थियों में खेल के प्रति उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। बुधवार को खेले गए उद्घाटन मुकाबले में कक्षा नवम और कक्षा अष्टम की टीमों ने जोरदार प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कक्षा अष्टम की टीम ने संतुलित शुरूआत की। कप्तान वेद प्रकाश यादव ने शांत स्वभाव के साथ टीम को संभालते हुए रन जोड़े, वहीं प्रकाश सिंह, आदित्य कुमार और अंशु गौतम ने भी उपयोगी योगदान दिया। लेकिन नवम की गेंदबाजी के सामने अष्टम का मध्य क्रम लड़खड़ा गया। नवम के गेंदबाजों, विशेषकर विनीत कुमार और विकास कुमार ने सटीक लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचने दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कक्षा नवम की शुरूआत भले ही साधारण रही, लेकिन कप्तान आयुष राय ने धैर्य के साथ टीम को संभाला। मैच का असली रोमांच उस वक्त बढ़ा, जब नवम के दो युवा खिलाड़ियों अमन कुमार और विश्वकर्मा कुमार ने कमाल की साझेदारी कर मैच को अपने पक्ष में मोड़ दिया। दोनों खिलाड़ियों ने सधी हुई बल्लेबाजी करके दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं और अंततः अपनी टीम को पांच विकेट से शानदार जीत दिलाई। मैच के दौरान ग्राउंड के किनारे मौजूद छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। हर चौके-छक्के पर मैदान तालियों से गूंज उठता था। प्रोत्साहन देने पहुंचे विद्यालय के निदेशक महोदय, प्राचार्य महोदय और सभी शिक्षकगणों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस प्रकार के आयोजन बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व गुण विकसित करते हैं। दोनों टीमों के खिलाड़ियों, नवम से आयुष राय, आदर्श कुमार, दीपू कुमार, अक्षय गिरी, खालिद, आयुष तिवारी, विनीत कुमार, विकास कुमार, प्रिंस कुमार, अमन कुमार, शिवम कुमार, रोहित कुमार, शशिकांत कुमार और प्रिंस सिंह तथा अष्टम से वेद प्रकाश यादव, प्रकाश सिंह, आदित्य कुमार, आयुष राय, अक्षय गिरी, सत्यम यादव, अंशु गौतम, प्रिंस यादव, पीयूष पाठक, सत्यम राय, शमी प्रधान, शिवांश पटेल समेत सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का बेहतरीन परिचय दिया।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में शिक्षकगण साक्षी सिंह, सत्यम सिंह, संतोष कुमार, धनजी दुबे, संगीता सिंह, अस्मि कौर, सुशील कुमार सिंह, अनीता उपाध्याय, दीक्षा कुमारी, राजेंद्र कुमार और जितेंद्र कुमार की भूमिका सराहनीय रही। सभी ने मिलकर आयोजन को बेहतरीन रूप प्रदान किया।

### छात्रों का खेल कौशल विकसित करना है लक्ष्य : रमेश सिंह

वहीं, विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रमेश सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि छात्रों में छिपी खेल प्रतिभा को उभारने के लिए ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती है। उन्होंने कहा कि खेलकूद व गीत-संगीत भी पढ़ाई का ही एक अंग है। हमारा प्रयास रहता है कि छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जाए, यह तभी संभव में जब छात्र पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी निपुण हो।

## कोइरपुरवा से कुख्यात इंद्रजीत समेत तीन हिरासत में, दिल्ली तक फैले नेटवर्क का खुलासा

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर थाना क्षेत्र के कोइरपुरवा मोहल्ले में मंगलवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब सादे लिबास में आई एक टीम दो लोगों को लेकर निकल गई। लोगों ने पहले इसे अपहरण समझा, फिर एसटीएफ की कार्रवाई की चर्चा चली। लेकिन देर रात पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई वन विभाग द्वारा की गई है। बुधवार को आरा-बक्सर वन प्रक्षेत्र के अधिकारियों ने पुष्टि की कि बक्सर से तीन लोगों को दो मुंहा सांप (रेड सैंड बोवा) की तस्करी के आरोप में हिरासत में लिया गया है। यह प्रजाति प्रतिबंधित है और इसकी खरीद-फरोख्त पूरी तरह गैरकानूनी है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली से आई विशेष टीम की सूचना पर कार्रवाई की गई, जिसमें स्थानीय वनकर्मियों ने सहयोग दिया। टीम के सदस्य ग्राहक बनकर बक्सर पहुंचे थे और आरोपियों के साथ सौदा होने के बाद उन्हें पकड़ा गया। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि हिरासत में लिए गए तीन लोगों में कुख्यात इंद्रजीत सिंह कोइरी और उसके मोहल्ले के ही जयराम सिंह शामिल हैं। इंद्रजीत हाल ही में हत्या के मामले में सजा काटकर बाहर आया था, जिससे पूरी घटना ने और भी हलचल बढ़ा दी है। वन अधिकारियों ने बताया कि रेड सैंड बोवा की तस्करी करोड़ों के कारोबार से जुड़ी होती है। जिले के प्रसिद्ध स्नेक रेस्क्यूवर हरिओम के अनुसार, इस सांप की कीमत इसके आकार और वजन पर निर्भर करती है। चार फीट का रेड सैंड बोवा 2 से 3 करोड़ रुपये तक बिक सकता है। इसका उपयोग कथित रूप से तांत्रिक गतिविधियों और सेक्स पावर बढ़ाने वाली दवाओं के निर्माण में किया जाता है। यह प्रजाति गंगा के किनारे के क्षेत्रों में पाई जाती है, जिससे तस्करों की निगाह यहां के इलाकों पर रहती है।

# बिहार को शिक्षा का बड़ा तोहफा, 16 जिलों में खुलेंगे 19 नए केंद्रीय विद्यालय




**एजेंसी। पटना**

केंद्र सरकार ने आखिरकार वह बड़ा फैसला ले लिया है जिसकी प्रतीक्षा बिहार महीनों से कर रहा था। राज्य के 16 जिलों में 19 नए केंद्रीय विद्यालयखोलने के प्रस्ताव को मंजूरी देकर केंद्र ने यह साफ कर दिया है कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति देने का समय आ गया है। यह फैसला न सिर्फ राज्य की शिक्षा सियासत को नई रोशनी देगा बल्कि स्कूली ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव भी लेकर आएगा। बिहार की नीतीश सरकार ने 14 जिलों में 17 नए केंद्रीय विद्यालयों के लिए जमीन चिह्नित कर केंद्र को प्रस्ताव भेजा था। केंद्र ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए इसे लगभग पूरी तरह स्वीकार कर लिया। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन सुरक्षा बलों – आईटीबीपी और एसएसबी – ने क्रमशः कटिहार और सीतामढ़ी में एक-एक केवी खोलने की मांग की थी। केंद्र ने इन दोनों प्रस्तावों को भी हरी झंडी दे दी है। यह निर्णय यह दशार्ता है कि सुरक्षा बल भी अपने जवानों और स्थानीय लोगों की शिक्षा को लेकर उतने ही संवेदनशील हैं जितना कि राज्य और केंद्र सरकारें। वर्तमान में बिहार में 53 केंद्रीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। नए 19 विद्यालय शुरू होने के बाद यह संख्या बढ़कर 72 हो जाएगी। किसी भी राज्य में एक साथ इतने विद्यालयों की स्थापना शिक्षा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बेहद बड़ा कदम माना जाता है। केंद्रीय विद्यालयों की खासियत यह है कि इनमें गुणवत्ता आधारित शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर का एक समान पाठ्यक्रम, उन्नत संसाधन और अनुभवी शिक्षकों की उपलब्धता रहती है। अब बिहार के अधिक जिलों में बच्चों को इसका लाभ बिना किसी अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा के मिलेगा। केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता जमीन की होती है, जिसे बिहार सरकार ने निःशुल्क उपलब्ध कराया है। साथ ही, विद्यालयों के संचालन शुरू होने तक के लिए अस्थायी भवन भी चिन्हित कर दिए गए हैं। यह रुख बताता है कि शिक्षा के मुद्दे पर राज्य सरकार केंद्र के साथ तालमेल से काम करने के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्र और राज्य के बीच यह तालमेल आने वाले समय में शिक्षा से जुड़े किसी भी राजनीतिक भ्रम को दूर करेगा। बिहार में कुछ ऐसे जिले थे जहां अब तक एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं था, जैसे –मधुबनी, शेखपुरा, कैमूर,अरवल, मधेपुरा अब इन जिलों में नए विद्यालय खुलने से वहां के छात्रों को भी राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी। ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में यह बदलाव शिक्षा के अंतर को कम करने का काम करेगा। केंद्र द्वारा मंजूर किए गए 19 नए केंद्रीय विद्यालयों का जिलोंवार वितरण इस प्रकार है–पटना - 2 नए विद्यालय (संख्या अब 5 से बढ़कर 7), नालंदा - 2 विद्यालय, मधुबनी - 2 विद्यालय, मुंगेर - 1, पूर्णिया - 1, मुजफ्फरपुर - 1, भोजपुर - 1, गया - 1, भागलपुर - 1, कैमूर - 1, मधेपुरा - 1, शेखपुरा - 1 दरभंगा - 1, अरवल - 1,कटिहार (आईटीबीपी कैंप) - 1, सीतामढ़ी (रइ कैंप) - 1 यह सूची बताती है कि नए विद्यालय सिर्फ बड़े शहरों में नहीं बल्कि पिछड़े और सीमावर्ती इलाकों में भी खोले जा रहे हैं, जिससे शिक्षा का दायरा और प्रभाव दोनों व्यापक होंगे।

## बिहार में होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के लिए बड़ी राहत

# विधानसभा में 91,717.1135 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश




**एजेंसी। पटना**

अनुपूरक बजट को तीन प्रमुख मदों-वार्षिक स्कीम मद, स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद, तथा केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद-में विभाजित किया गया है। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा वार्षिक स्कीम मद को मिला है। वार्षिक स्कीम मदः 51,253.78 करोड़ रुपये की राशि वार्षिक स्कीम मद में कुल 51,253.7784 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट प्रस्तावित किया गया है। इसमें केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के केंद्रांश में 7,420.4721 करोड़ रुपये, राज्यांश में 6,335.1111 करोड़ रुपये, और राज्य योजनाओं में 37,498.1952 करोड़ रुपये शामिल हैं। केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के केंद्रांश में समग्र शिक्षा अभियान, आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पूरक पोषण कार्यक्रम और पुलिस बलों के आधुनिकीकरण जैसी योजनाओं को प्रमुखता दी गई है। वहीं राज्यांश मद में समग्र शिक्षा अभियान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, पूरक पोषण कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल संरक्षण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन और विधवा पेंशन योजना के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। राज्य की अपनी योजनाओं के लिए 37,498.19 करोड़ रुपये का बड़ा प्रावधान किया गया है। इनमें सबसे बड़ा आवंटन मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए 21,000 करोड़ रुपये का है। इसके अलावा वृद्धजन पेंशन, सड़क निर्माण, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बालिका प्रोत्साहन योजनाएँ, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, ऊर्जा कंपनियों में निवेश, ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना, मेडिकल कॉलेज निर्माण, शहरी विकास तथा हवाई अड्डा निर्माण जैसे क्षेत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है। पटना मेट्रो रेल परियोजना, विकलांगता पेंशन, अक्षर आंचल योजना, खेल अवसंरचना, ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, आंगनबाड़ी सेवाएँ, कृषि बाजार विकास, महादलित विकास तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को भी बजट में पर्याप्त राशि दी गई है।

### किस योजना में कितनी राशि खर्च की गई

21,000 करोड़ - मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना
1885.65 करोड़ - मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन
861.21 करोड़ - सड़क निर्माण
800 करोड़ - स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना
750 करोड़ - मुख्यमंत्री बालिका स्नातक प्रोत्साहन
651.83 करोड़ - सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएँ
600.55 करोड़ - ऊर्जा कंपनियों में निवेश
594.56 करोड़ - ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना
573 करोड़ - मेडिकल कॉलेज व अस्पताल निर्माण
550 करोड़ - शहरी विकास हेतु भू-अर्जन
500-500 करोड़ - हवाई अड्डा निर्माण, औद्योगिक विकास हेतु भूमि, पंचायत सरकार भवन
389.77 करोड़ - पटना मेट्रो रेल परियोजना
352.16 करोड़ - विकलांगता सामाजिक सुरक्षा पेंशन
281.57 करोड़ - प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना
250 करोड़ - स्टेडियम व खेल अवसंरचना
150 करोड़ - चिकित्सा महाविद्यालय
100 करोड़ - ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना

### बिजली सब्सिडी के लिए 6462 करोड़ रुपये रखा गया

स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में कुल 40,462.9951 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें आकस्मिकता निधि में अंतरण हेतु 21,689.50 करोड़ रुपये, विभिन्न विभागों के वेतन और अन्य मानदेय के लिए 9,243 करोड़ रुपये, तथा उपभोक्ता विद्युत सब्सिडी (125 यूनिट मुफ्त बिजली सहित) के लिए 6,462 करोड़ रुपये प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्याभूति मोचन निधि के लिए 1,211.35 करोड़ रुपये, बकाया बिजली बिल भुगतान और सड़क अनुरक्षण के लिए क्रमशः 400-400 करोड़ रुपये, जीविका स्थापना हेतु 347.51 करोड़ रुपये, निर्वाचन कार्य के लिए 122 करोड़ रुपये और त्वरित न्यायालयों के संचालन के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## नगर पंचायत गोड़ारी में फिजिकल सेंटर का बीडीओ ने किया उद्घाटन




**केटी न्यूज। रोहतास**

काराकाट प्रखंड मुख्यालय के गोडारी नगर पंचायत में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए बड़ी राहत लेकर फिजिकल अकैडमी का शुभारंभ हुआ। इस अकैडमी का उद्घाटन काराकाट बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार समेत नगर के उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती तथा नौ वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार भी मौजूद थे। कार्यक्रम में बीडीओ ने कहा कि यह फिजिकल अकैडमी युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जिससे उनकी शारीरिक योग्यता के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे छात्रों को बेहतर सुविधा मिलेगी और उनका उत्साह बढ़ेगा। उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने बच्चों की प्रतिभा निखारने में ऐसी अकादमी का बहुत महत्व बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं के लिए नया सवेरा होगा। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने सभी लोगों से सहयोग की अपील की ताकि बच्चों के सपनों को पूरा करने में कोई अड़चन न आए। अकैडमी के ट्रेनर रवि कुमार ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए बताया कि इससे पहले शारीरिक प्रशिक्षण की सुविधाओं के अभाव में कई बच्चे हताश हो जाते थे, लेकिन अब यह कदम उनकी प्रतिभा को उभारने में सहायक होगा। इस दौरान राम रूप उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, शिक्षकगण अनिल पासवान, अशोक मिश्रा, रोहित कुमार, मनीष कुमार, प्रिंस कुमार समेत काराकाट पुलिस के सिकंदर पासवान तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित थे। इस पहल से गोडारी तथा आसपास के क्षेत्रों के सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण नया मौका और प्रेरणा मिलेगी।

## ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली नमक बनाने वाला जालसाज गिरफ्तार

**केटी न्यूज। रोहतास**

जिला क्षेत्र के दरिगांव थानाक्षेत्र के कोटा गांव के धनकी जामुन स्थित गोदाम में सासाराम के एसडीपीओ वन दिलीप कुमार के नेतृत्व में छापामारी कर विभिन्न कम्पनियों का नमक भारी मात्रा में बरामद किया गया। इस संदर्भ में एक प्रेसवार्ता कर दिलीप कुमार ने बताया कि विभिन्न कम्पनियों के नमक को टाटा कंपनी के नमक रैपर में भरकर अवैध धंधा किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मजिस्ट्रेट की देख-रेख में गोदाम से निरमा कम्पनी का खुला पॉकेट, बंद पॉकेट, टाटा कम्पनी के रैपर में भरा हुआ खुला पॉकेट,बंधन, शंख, कुक तथा शुक्ति कम्पनी का पॉकेट और टाटा कम्पनी का खुला हुआ कुल रैपर 400 पीस एवं निरमा कम्पनी का कटा हुआ कुल 126 रैपर सहित दो पंचिंग मशीन जब्त किया गया। सामग्री बरामदगी के बाद गोदाम को सील कर दिया गया है। साथ ही नगर थानाक्षेत्र के



आलमगंज निवासी संजय कुमार को गोदाम मालिक के रूप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिले में इस तरह के घटिया कम्पनियों के नमक को ब्रांडेड कम्पनी के रैपर में भरकर बेंचना,उपभोक्ताओं के जीवन के साथ खिलवाड़ माना जा रहा है। इस दिशा में यह पुलिस की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## एक नजर

### मील संचालक पर अवैध विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज।** अवैध बिजली चोरी को लेकर निरंतर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को जमोढ़ी गांव निवासी सह मील संचालक संतोष कुमार सिंह के औद्योगिक व्यवसाय आटा चक्की मील परिसर का निरीक्षण सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज व कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें पाया गया की उपरोक्त व्यक्ति द्वारा विद्युत विभाग के विस्तारित मेन एलटी लाईन से तीन फेज तार अवैध रूप से संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी तथा इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। प्राथमिकी दर्ज किये जाने तक इनके द्वारा उक्त स्थल का वैध विद्युत संबंध हेतु कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 451845 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। आगे बता दें की नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र के कुरैशी मोहल्ला निवासी तौफिर हजाम, पिता-उजारन हसन के परिसर का निरीक्षण मे पाया गया की उक्त उपभोक्ता द्वारा मीटर से पहले तार में कटिंग करके एक अतिरिक्त तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिससे की वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था। इनके इस कृत्य से विभाग को 15635 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत नवंबर मे 57 लोगों पर जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी, जिसमे कुल जुमार्ने की राशि 12.03 लाख लगायी गयी थी।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने की छापेमारी, बाइक साथ तीन गिरफ्तार

**काराकाट ।** थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की गई। दुआरी गांव के धनजी पासी और बक्सर जिले के नावानगर थाना क्षेत्र के कतिकनार गांव के कमलेश पासी को शराब की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। तलासी के दौरान बाइक की डिक्की से एक लीटर अवैध शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। इसी तरह, चिल्हा गांव से शराब पीकर हंगामा कर रहे मुन्ना सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। मुन्ना सिंह पहले भी ऐसे मामलों में जेल जा चुका है। तीनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। साथ ही एक मोटरसाइकिल बरामद कर जप्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस की गश्त बढ़ाकर कानून का सख्त पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समाज में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

### बार एसोसिएशन बिक्रमगंज ने अधिवक्ता दिवस पर वरीय अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

**बिक्रमगंज।** व्यवहार न्यायालय परिसर बिक्रमगंज में बुधवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती अधिवक्ता दिवसके रूप में मनाया गया। इस जयंती और अधिवक्ता दिवस के अवसर पर अधिवक्ताओं ने समाज की भलाई के लिए तथा न्याय के लिए कार्य करेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज व संचालन महासचिव रविरंजन सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुंसिफ स्वयं श्री वास्तव, एस डी जे एम जमन्जेय चौधरी, जे एम डा महादेव, जे एम दिपक कुमार सिंह, अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज, महासचिव रविरंजन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर वरीय अधिवक्ता सच्चितानंद मिश्रा, सतेंद्र सिंह, सुशील सिंह, चितरंजन सिंह, रमेश उपाध्याय, बिनोद कुमार राय, शत्रुघ्न तिवारी, विंध्याचल सिंह, हिरालाल पाण्डेय, रजनी कांत मिश्रा को बार एसोसिएशन बिक्रमगंज द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्याय दिनेश सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार, केदार सिंह, उमेश प्रसाद मिश्रा, कुलदीप नारायण दुबे, पवन सिंह, अभिषेक सिन्हा, बैजनाथ सिंह सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

### उपद्रव कांड के फरार अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

**काराकाट।** काराकाट पुलिस ने वर्ष 2024 के मई माह में दर्ज कांड संख्या 276/24 में एक और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में पुलिस की गस्ती टीम ने चिकसील नहर के चौक के पास एक ब्लू रंग के स्वराज ट्रैक्टर को पकड़ा था, जो मंगरा की ओर से आ रहा था। ट्रैक्टर का चालक अवैध रूप से लदी बालू छोड़कर भाग गया था। पुलिस ट्रैक्टर को जब थाने ले जा रही थी, तब पिपरा गांव के पास दो मोटरसाइकिल से छह व्यक्ति और अन्य लोग पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान पुलिस के हथियार छीनने की भी कोशिश की गई और पुलिस पर अभद्र व्यवहार तथा महिला सिपाही के साथ बदसलूकी की गई। इस उपद्रव में कई लोगों को अभियुक्त बनाया गया था, जिनमें ट्रैक्टर चालक भी शामिल था। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और महिला सिपाही के प्रति बदसलूकी की एवज में सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज है। इस पूरे मामले की सख्त जांच के बाद अब भोजपुर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव निवासी दीनानाथ रजवार के पुत्र बंडूल रजवार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को कोर्ट में प्रस्तुत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामला पुलिस के लिए बेहद संवेदनशील था और इस कार्रवाई से कानून व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश गया है। पुलिस इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगी और

## फसल अवशेष पराली नहीं जलाने को लेकर डीएम उदिता सिंह ने की बैठक



**केटी न्यूज। रोहतास**

बुधवार को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय,करगहर में फसल अवशेष प्रबंधन पर बैठक की गयी। जिसमें जिलास्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडलस्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी संबंधित कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, कृषि वैज्ञानिक सभी पंचायतों के मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष तथा जनप्रतिनिधियों सहित अनुमंडलस्तर पर विभिन्न पचायतों से आये हुए किसानों की उपस्थिति में फसल अवशेष को जलानें से फसलों तथा मानव के स्वास्थ्य पर होनेवाले दुष्प्रभाव के रोक हेतु जिला स्तर पर सुझाव लिया गया। बैठक में डीएम द्वारा बताया गया कि हरियाणा और पंजाब तथा दिल्ली जैसे राज्यों की तरह पर्यावरण को दुषित होने से पहले रोहतास जिला को बचाने हेतु आवश्यक कदम उठाना है। जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया कि हम सभी मिलकर जिले की उपजाऊ मिट्टी को बंजर होने से बचाने की दिशा में कार्य करेंगे। जिससे आने वाली युवा पीढ़ी को स्वस्थ्य एवं उपजाऊ भूमि उपलब्ध कराकर कृषि क्षेत्र से जोड़ा जाय तथा फसल की उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाया जा सकें। जिला उप निदेशक कृषि अभियंत्रण द्वारा उपस्थिति सभी किसानों को फसल अवशेष को खेतों में जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके प्रबन्धन के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही बताया गया कि फसल अवशेष को न जलाकर पशुओं को चारा, जैविक खाद एवं मशीनरियों का उपयोग कर मिट्टी में मिलाने से अधिक उपज प्राप्त की जा सकती है। इसका सम्बोधन करते हुए जिला पदाधिकारी रोहतास द्वारा सुझाव के क्रम में निदेशित किया गया कि पूर्व में खरीफ मौसम में करगहर प्रखण्ड में पराली जलाने की कुल 1214 घटना प्रकाश में आया था जो जिला में सर्वाधिक है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव के क्रम में बताया गया कि प्रशासनिक स्तर से पराली जलाने वाले किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाय। श्री धर्मेन्द कुमार सिंह, किसान द्वारा सुझाव दिया गया कि जिले में राउण्ड स्ट्राबेलर इच्छुक किसानों को दिया जाय। साथ ही कृषि बैज्ञानिक, विक्रमगंज द्वारा बताया गया कि राउण्ड स्ट्रा बेलर के स्थान पर स्क्वायर स्ट्राबेलर ज्यादा उपर्युक्त है। पैक्स अध्यक्ष द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु मनरेगा के मजदूरों को किसानों के खेतों में तत्काल न्यूनतम मजदूरी पर रखकर फसल अवशेष प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाय जिससे पराली को खेतों से हटाया जा सकें। जिले के सभी क्षेत्रों में कर्मचारियों द्वारा पराली जलाने की घटना पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दोषी पाये जाने वाले कृषकों पर दण्डात्मक कार्रवाई के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार के अनुदान से वंचित कर दिया जाए।

## साईकिल सवार से 65 हजार झपट्टा मार बाइक सवार उच्चके हुए फरार

**केटी न्यूज। रोहतास**

थाना क्षेत्र के आरा रोड से बुधवार को साढ़े तीन बजे बैंक से 65 हजार रुपये निकासी कर घर जा रहे साइकिल सवार का रुपये रखा झोला लेकर फरार हो गया। पीड़ित अमाथु निवासी रामा शंकर सिंह ने बताया कि वे मध्यप्रदेश में निजी कंपनी में काम करते हैं। वे अपनी पुत्री की शादी तय करने अपने गांव आए थे। जो 5 दिसंबर को उनकी बेटी की सगाई थी, जिसमे देने के लिए वे बाइक खरीदने के लिए भारतीय स्टेट बैंक से 65 हजार रुपये निकासी कर झोला में रुपये रखकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में वे आरा रोड स्थित एक किराना दुकान के पास साइकिल खड़ी कर दिए और झोला हैंडल में



लटका छोड़ दिए। जैसे ही वे दुकान की ओर बढ़े, बाइक सवार दो युवक आए और रुपये वाला झोला लेकर भाग गए। उन्होंने दौड़ कर पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वे लोग भागने में सफल रहे। पीड़ित ने डायल 112 को कॉल किया, लेकिन घण्टों बाद भी कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा। इसके बाद वह थाना में आकर प्राथमिकी कराया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# बिहार में पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़ी मंजूरी : नवादा, समस्तीपुर, लखीसराय में 27.57 करोड़ से होंगे निर्माण कार्य



**एजेंसी। पटना**

नवादा, समस्तीपुर और लखीसराय में पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 27.57 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नवादा के नरहट थाना क्षेत्र में नए एकल और समूह आवास निर्माण को स्वीकृति दी गयी है। समस्तीपुर जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला थाने के भवनों में फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गयी है। वही लखीसराय जिले के पुलिस लाइन में पुरुष सिपाही के आवासन के लिए 300 बेड का बैरक फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना सहित निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गयी है। इस बात की जानकारी बिहार के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि सुशासन को और सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अवसंरचना विकास को एनडीए की सरकार प्राथमिकता दे रही है। पुलिस बल को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने से न्यायिक प्रक्रिया और सुरक्षा सेवा और प्रभावी होगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि राज्य में पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए गृह विभाग ने तीन महत्वपूर्ण निर्माण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पुलिस बल को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराना है। जिससे कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। स्वीकृत योजनाओं में नवादा जिले के नरहट थाना परिसर में 12 एकल आवास और 6 समूह आवास के निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई है। इस योजना पर 828.633 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। इसी प्रकार समस्तीपुर जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला थाना का संयुक्त भवन फर्नीचर एवं निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इस योजना पर 686.749 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं लखीसराय जिले के पुलिस लाइन में पुरुष सिपाही के आवासन के लिए 300 बेडेड का बैरक फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना सहित निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना पर 1241.8975 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इन तीनों परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा, जिससे प्रदेश में पुलिस आवासीय सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन का राज स्थापित है। बिहार पुलिस अपराधियों को 72 घंटे के अंदर चिन्हित कर पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करती है। एनडीए सरकार पुलिस को प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। हाल के दिनों में बांका में सिपाही प्रशिक्षण विद्यालय के लिए 51.40 एकड़ भूमि हस्तांतरण को स्वीकृति प्रदान की गई है और अब नवादा में 12 एकल आवास और 6 समूह आवास, समस्तीपुर में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला थाना का संयुक्त भवन फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना सहित के निर्माण कार्य और लखीसराय जिले में पुलिस लाइन में पुरुष सिपाही के आवासन के लिए 300 बेडेड का बैरक फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना सहित निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# नीतीश कुमार बने नेता सदन, तेजस्वी यादव नेता विपक्ष, कार्य मंत्रणा समिति का गठन और विधायकों का वेतन भी हुआ शुरू



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन महत्वपूर्ण कार्यवाही पूरी हुई। इस सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही में कई अहम फैसले लिए गए। सबसे पहले, नेता सदन और नेता विपक्ष का चयन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार विधानसभा में नेता सदन के रूप में चुना गया है, जबकि राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी के नेता के रूप में तेजस्वी यादव को नेता विपक्ष बनाया गया। इस फैसले के बाद विधानसभा में दोनों दलों के बीच संतुलन और संवाद की प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। नेता सदन और नेता विपक्ष के चयन के साथ ही विधानसभा में कार्य मंत्रणा समिति का गठन भी किया गया। इस समिति का उद्देश्य सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाना, चर्चा के लिए विषय तय करना और विभिन्न विधायी मुद्दों पर समय प्रबंधन करना है। कार्य मंत्रणा समिति में सदन के महत्वपूर्ण नेता और सदस्य शामिल होते हैं, जो बैठक की कार्यसूची और समय-सारणी तय करते हैं। समिति के गठन से विधानसभा की कार्यकुशलता में वृद्धि होने की संभावना है और विधायकों को अपने मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का अवसर मिलेगा। आज से विधायकों का वेतन और भत्ते भी शुरू कर दिए जाएंगे। इससे विधायक अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने में समर्थ होंगे। वेतन और भत्ते का लाभ मिलने से विधायक अपने संसदीय कर्तव्यों और जनप्रतिनिधित्व के कामों पर अधिक ध्यान दे सकेंगे। यह कदम राज्य सरकार की ओर से विधायक कल्याण और उनके कामकाज की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। बिहार विधानसभा में शीतकालीन सत्र का यह तीसरा दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इस सत्र के दौरान कई नीतिगत और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। नेता सदन और नेता विपक्ष के रूप में दोनों नेताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार अपनी नीतियों और कार्यक्रमों पर सदन में विस्तार से चर्चा करेंगे, जबकि तेजस्वी यादव विपक्ष के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाएंगे। विधानसभा में नेता सदन और नेता विपक्ष के चयन के साथ ही कार्य मंत्रणा समिति का गठन और विधायकों के वेतन भत्ते की प्रक्रिया ने सत्र को एक व्यवस्थित और महत्वपूर्ण दिशा दी है। इससे स्पष्ट होता है कि बिहार विधानसभा में कार्यकुशलता, पारदर्शिता और समन्वय को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है। कुल मिलाकर, बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र तीसरे दिन नेता सदन, नेता विपक्ष और कार्य मंत्रणा समिति के गठन से सुचारू और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रहा है। साथ ही विधायकों का वेतन और भत्ते की शुरूआत इस बात का संकेत है कि सरकार अपने विधायकों को उनके कर्तव्यों के लिए प्रोत्साहित कर रही है। यह सत्र न केवल प्रशासनिक दृष्टि से, बल्कि राजनीतिक संतुलन और पारदर्शिता के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

## एक नजर

### बिहार में भारत-नेपाल सीमा से 100 से अधिक लड़कियों के लापता होने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**पटना ।** भारत-नेपाल सीमा से पिछले छह महीनों में 100 से अधिक लड़कियों के लापता होने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है। पत्र की एक प्रति पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भी भेजी गई है और राष्ट्रीय तथा राज्य महिला आयोग को भी इस मामले से अवगत कराया गया है। अधिवक्ता ने बताया कि मोतिहारी से सटे सीमा क्षेत्र में मानव तस्कर सक्रिय हैं और पूरे उत्तर बिहार में अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करों का एक नेटवर्क काम कर रहा है। यह नेटवर्क नेपाल, चीन, ब्राजील और सऊदी अरब सहित अन्य देशों में लड़कियों को ऊंचे दामों पर बेच रहा है। एसके झा ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में विशेष जांच दल गठित करने और सीमा क्षेत्रों में मानव तस्करी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। मानवाधिकार अधिवक्ता ने कहा कि लगातार ऐसी घटनाओं के घटने से सीमा क्षेत्र के परिवारों में डर का माहौल व्याप्त है। उन्होंने इसे प्रशासनिक व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाने वाला मामला भी बताया और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### पटना में चलती कार में अचानक लगी भीषण आग, बाल-बाल बची डॉक्टर की जान

**पटना।** राजधानी पटना स्थित पीएमसीएच के बाहर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अस्पताल से बाहर निकलते ही एक डॉक्टर की कार में अचानक आग लग गई। घटना के बाद पीएमसीएच परिसर में अफराझतफरी का माहौल बन गया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कार से धुआं उठने लगा और आग की लपटें दिखाई देने लगीं। गनीमत रही कि डॉक्टर समय रहते कार से बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### बिहार के छपरा जिले में 48 घंटे के अंदर दूसरा एनकाउंटर, शराब तस्कर को पुलिस ने मारी गोली

**छपरा ।** बिहार के छपरा जिले में 48 घंटे के भीतर पुलिस और अपराधियों के बीच दूसरी मुठभेड़ हुई है। मंगलवार की देर रात मांझी थाना क्षेत्र के मदनपुर और दुगार्पुर के बीच पुलिस ने शराब तस्करी करने वाले अपराधी अजय राय को गोली लगने से घायल कर दिया। जख्मी अपराधी शहर के कटहरी बाग का निवासी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली कि अजय राय और उसके साथी नाव के जरिए अवैध शराब की खेप ला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और दोनों पक्षों में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान अजय राय को गोली लगी, जिसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल से शराब की खेप और नाव जब्त कर ली। अजय राय पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। सारण जिले में पिछले 48 घंटों के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले भी पुलिस की गोली से शिकारी राय नामक अपराधी घायल हुआ था। पुलिस की यह कार्रवाई यह दर्शाती है कि अवैध शराब तस्करों पर सख्ती बरती जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी नाके और चेकिंग अभियान तेज कर दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि अवैध शराब की तस्करी रोकना उनकी प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुठभेड़ से इलाके में डर का माहौल हो सकता है, लेकिन पुलिस की सक्रियता से अवैध गतिविधियों में कमी आएगी।

# बिहार के सरकारी स्कूलों में 2026 की छुट्टियों का नया कैलेंडर जारी, टीचरों को इस बार 75 दिन मिलेगा अवकाश



**एजेंसी। पटना**

बिहार के सरकारी स्कूलों में नए वर्ष की छुट्टियों को लेकर शिक्षा विभाग ने नया कैलेंडर जारी कर दिया है। इस कैलेंडर के अनुसार, स्कूलों में कुल 75 दिनों की छुट्टियां होंगी। इसमें अगर सप्ताह के सभी रविवारों की संख्या को घटा दिया जाए तो शेष छुट्टियां 65 दिन होंगी। इस बार छुट्टियों का बंटवारा इस तरह किया गया है कि छात्रों और शिक्षकों दोनों को पर्याप्त अवकाश मिल सके और पढ़ाई पर भी प्रभाव न पड़े। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी कैलेंडर के अनुसार, इस वर्ष गर्मियों की छुट्टियां 20 दिनों की निर्धारित की गई हैं। गर्मियों की छुट्टियों का उद्देश्य छात्रों को गर्मियों की तेज गर्मी से राहत देना और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर प्रदान करना है। बिहार में गर्मियों की छुट्टियों का यह समय आमतौर पर मई और जून के महीनों में आता है। इस दौरान छात्र छुट्टियों का आनंद लेने के साथ-साथ अपनी पढ़ाई के लिए भी समय निकाल सकते हैं। इसके बाद सबसे लंबी छुट्टी दीपावली से लेकर छठ पूजा तक की दी गई है। इस बार यह छुट्टी 10 दिनों तक रहेगी। दीपावली और छठ पूजा बिहार के छात्रों और उनके परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण त्योहार हैं। यह समय बच्चों के लिए पारिवारिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। इस लंबी छुट्टी के दौरान स्कूलों की गतिविधियां ठहर जाती हैं और छात्र त्योहारों का आनंद पूरी तरह से ले सकते हैं। वहीं, शीतकालीन अवकाश भी इस वर्ष सात दिनों का रखा गया है। शीतकालीन छुट्टियों का उद्देश्य छात्रों को सर्दियों के मौसम में आराम देने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाए रखना है। इन छुट्टियों के दौरान स्कूलों में कोई नियमित कक्षाएं नहीं होती, जिससे छात्रों को अपनी रुचियों और हॉबीज को विकसित करने का अवसर मिलता है। दुर्गा पूजा की छुट्टियां इस बार पांच दिनों की निर्धारित की गई हैं। दुर्गा पूजा बिहार के अलावा पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाई जाती है और यह छात्र जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवधि में छात्र अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताते हैं और धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। इसके अतिरिक्त, होली पर इस बार दो दिनों की छुट्टी दी गई है।

# पटना में एलपीजी सिलिंडर डिलीवरी में बड़ा बदलाव अब बिना ओटीपी/डीएससी कोड सिलिंडर नहीं मिलेगा

**एजेंसी। पटना**

घरेलू गैस सिलिंडर की डिलीवरी व्यवस्था में हाल ही में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिसके तहत अब उपभोक्ताओं को बिना डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएससी) या ओटीपी बताए सिलिंडर नहीं मिलेगा। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने शहर की सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि डीएससी कोड सत्यापित होने पर ही डिलीवरी की जा सकेगी। डीएससी कोड वह सुरक्षा कोड है जो उपभोक्ता को बुकिंग के समय उसके मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है। तेल कंपनियों के अनुसार पूरे बिहार में एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 2.304 करोड़ के करीब है। इनमें इंडियन ऑयल के लगभग 1.088 करोड़, बीपीसीएल के लगभग 55.9 लाख और एचपी के लगभग 65.7 लाख उपभोक्ता शामिल हैं। पटना शहर में इस समय 16,64,880 से अधिक घरेलू गैस उपभोक्ता हैं और शहर में लगभग 70 गैस एजेंसियां संचालित होती हैं। हर दिन लगभग 4 से 5 हजार सिलिंडर डोर-स्टेप डिलीवरी के जरिए घर-घर पहुंचाए जाते हैं। नई व्यवस्था का असर शहर के बड़े हिस्से पर देखा जा रहा है। पहले की व्यवस्था में डिलीवरी मैन कई बार उपभोक्ता के घर न होने पर भी सिलिंडर दे देते थे। इसके कारण गलत डिलीवरी और धोखाधड़ी के मामले बढ़ते जा रहे थे। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी कि उनके नाम पर सिलिंडर डिलीवर दिखता है, लेकिन उन्हें वास्तविक में सिलिंडर नहीं मिला। कंपनियों का मानना है कि ओटीपी आधारित सिस्टम से इन गड़बड़ियों पर रोक लगेगी और डिलीवरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी। हालांकि यह कदम सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए लिया गया है, लेकिन नई व्यवस्था से कुछ उपभोक्ताओं को परेशानी भी हो रही है। कई लोग नौकरी या अन्य कारणों से दिनभर घर से बाहर रहते हैं, जिसके कारण वे समय पर डीएससी कोड नहीं बता पाते और सिलिंडर लेने में असमर्थ रहते हैं। दूसरी समस्या यह है कि कई परिवारों में बुकिंग किसी एक मोबाइल नंबर से होती है, जबकि वह व्यक्ति घर पर मौजूद नहीं होता। ऐसी स्थिति में डिलीवरी मैन सिलिंडर लेकर वापस लौट जाते हैं।

# सुपौल-समस्तीपुर में भीषण अगलगी : दो मासूमों की मौत, कई घर और मवेशी जलकर राख



**एजेंसी। पटना**

सुपौल जिले में अगले ही 24 घंटे के भीतर दो भीषण अगलगी की घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड के मुरली गांव में लगी आग ने जहां दो मासूम बच्चों की जान ले ली, वहीं पांच परिवारों का आशियाना स्वाहा हो गया। इस दर्दनाक हादसे में लगभग डेढ़ दर्जन मवेशियों की जलकर मौत हो गई, जबकि घरों में रखे लाखों के सामान चंद मिनटों में राख में तब्दील हो गए। जिले में इस घटना को लेकर मातम का माहौल है और पीड़ित परिवारों के घरों में चारों ओर चीख-पुकार मची हुई है।सूत्र बताते हैं कि मुरली गांव में अचानक आग भड़कने के बाद कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस दौरान दो छोटे बच्चे घर के अंदर ही फंस गए और जिंदा जल गए। आग की लपटों और चीख-पुकार के बीच परिवार और ग्रामीण उन्हें बचाने का प्रयास करते रहे, लेकिन तेज लपटों के आगे सब बेबस हो गए। आग से पांच परिवारों के घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। पीड़ित परिवारों ने बताया कि घर में रखे अनाज, कपड़े, फर्नीचर और जरूरी दस्तावेज तक सब कुछ राख हो गया। आसपास के ग्रामीणों और स्थानीय पुलिस ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक नुकसान भारी हो चुका था। करीब डेढ़ दर्जन मवेशियों की झुलसकर मौत होने से पीड़ित परिवारों पर दोहरी मार पड़ी है। दूसरी भीषण घटना निर्मली नगर पंचायत के सिपाही चौक के पास सोमवार देर रात हुई। इस इलाके के निवासी सुरेंद्र यादव के घर में अचानक आग लग गई। लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि घर की छप्पर और लकड़ी के हिस्से पूरी तरह जलने लगे थे। आग इतनी तेजी से फैली कि बगल में स्थित गुलाई यादव का घर भी उसकी चपेट में आ गया।लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन दमकल की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर काफी प्रयास कर आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश की। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी, लेकिन तब तक दोनों परिवारों के दो घर सहित सारा सामान जल चुका था।

# बिहार छात्रों के लिए एअर इंडिया का बड़ा तोहफा, हवाई यात्रा पर 10% की छूट



**एजेंसी। पटना**

अपार कार्ड वाले छात्रों को अब हवाई यात्रा में न केवल टिकट पर छूट मिलेगी, बल्कि उन्हें अतिरिक्त 10 किलो बैगेज ले जाने की अनुमति भी होगी। यानि कि 15 किलो के बदले 25 किलो तक का सामान छात्र साथ ले जा सकेंगे। इसके अलावा, यात्रा की तारीख बदलने की सुविधा भी एक बार मुफ्त में उपलब्ध होगी। छात्रों के लिए स्पेशल कोड और ऑफर्स का लाभ भी इस योजना के तहत उठाया जा सकेगा। एअर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, निपुण अग्रवाल ने इस पहल के बारे में कहा कि "हमारा उद्देश्य युवा यात्रियों के लिए दुनिया की खोज करना, विभिन्न संस्कृतियों से जुड़ना और उनके क्षितिज का विस्तार करना आसान और किफायती बनाना है। हम छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में सहयोग देने और उनकी उड़ान अनुभव को और अधिक सुलभ और पुरस्कृत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" अपार कार्ड बनाने की प्रक्रिया बेहद सरल है। यह कार्ड संबंधित स्कूल में ही बनाया जाएगा। इसके लिए छात्र का आधार कार्ड अनिवार्य है और माता-पिता की सहमति भी जरूरी है। स्कूल द्वारा सभी दस्तावेज सत्यापित करने के बाद छात्र का अपार कार्ड तैयार कर दिया जाता है। इस कार्ड के जरिए न केवल हवाई यात्रा में छूट मिलेगी, बल्कि अन्य कई जगहों पर भी यह उपयोगी साबित होगा। फर्जी दस्तावेज पकड़ने में भी यह मदद करेगा और छात्रों को बार-बार अपने सभी दस्तावेज ले जाने की जरूरत नहीं होगी। एक क्लिक पर सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड उपलब्ध हो जाएंगे। इसके अलावा, प्रवेश परीक्षाओं और नामांकन प्रक्रियाओं के दौरान भी सत्यापन आसान हो जाएगा। यह कार्ड छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और उनकी पहचान को प्रमाणित करने का एक प्रभावी तरीका है। एअर इंडिया की इस पहल से छात्रों की यात्रा का अनुभव और भी सहज, सुरक्षित और किफायती होगा। बिहार में लगभग 63 लाख छात्रों के अपार कार्ड बनने के बाद अब वे डिजीलॉकर से जुड़े हैं और आसानी से इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल छात्रों के लिए न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद है बल्कि उनकी शिक्षा और यात्रा अनुभव को भी सरल और सुविधाजनक बनाएगी। छात्रों के लिए हवाई यात्रा अब महंगी नहीं बल्कि किफायती और सुविधाजनक होगी। कुल मिलाकर, एअर इंडिया की इस नई पहल ने बिहार के छात्रों के लिए हवाई यात्रा को सुलभ और किफायती बनाया है। अपार कार्ड के माध्यम से छात्र अब न केवल 10% की छूट और अतिरिक्त बैगेज का लाभ उठा सकते हैं, बल्कि अपनी यात्रा की तारीख में बदलाव और अन्य कई सुविधाओं का भी लाभ ले सकते हैं। इस पहल से बिहार के युवा यात्रियों के लिए न केवल हवाई यात्रा आसान होगी, बल्कि उनका शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास भी सुगम और समृद्ध होगा।

# वृद्धा पेंशन आवेदन में रिश्वत लेने का वीडियो वायरल, बीडीओ ने किया संज्ञान

**एजेंसी। सहरसा**

सहरसा जिले के कहरा प्रखंड कार्यालय से एक ऐसा वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने लोगों के बीच चिंता और रोष दोनों को जन्म दिया है। वायरल वीडियो में प्रखंड कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर्मी संजीत कुमार को लोगों से रुपये लेते हुए दिखाया गया है। बताया जा रहा है कि यह मामला वृद्धा पेंशन आवेदन से जुड़ा है, जहां आवेदन करने के लिए आए लोगों से रुपया मांगा गया और लिया गया। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक युवक कुर्सी पर बैठे कर्मी संजीत कुमार को रुपये दे रहा है। इस युवक की पहचान बरियाही पंचायत के वार्ड 05 के वार्ड सदस्य देवेंद्र के रूप में हुई है। देवेंद्र ने बताया कि उनके पास कुल पांच वृद्धा पेंशन के आवेदन थे और इसके लिए उनसे पांच सौ रुपये लिए गए। वीडियो में अन्य लोगों की आवाज भी सुनाई दे रही है, जिसमें वे कहते हैं कि ह्लमोबाइल पर आवेदन भेजे थे, भैया मेरा कर नहीं दिए।ह्व इसी पर संजीत कुमार वीडियो में जवाब देते हुए कह रहे हैं कि ह्लबिना माल दिए नहीं होगा, आवेदन वैसे ही आते रहता है, जमा होते रहता है।इस वायरल वीडियो को लेकर लोगों के बीच सवाल उठने लगे हैं कि क्या सरकारी कर्मचारी इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त हैं और क्या आवेदन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हो रहा है।

# रायपुर में टीम इंडिया की शर्मनाक हार

## कोहली-ऋतुराज के शतक बेकार, साउथ अफ्रीका की रिकॉर्ड जीत

साउथ अफ्रीका ने वनडे सीरीज में जोरदार वापसी करते हुए दूसरे मैच में टीम इंडिया को 4 विकेट से हरा दिया. रांची के बाद रायपुर में भी बेहद हाई स्कोरिंग मुकाबला हुआ और इस बार टीम इंडिया 358 रन बनाकर भी जीत दर्ज करने में नाकाम रही. ऋतुराज गायकवाड़ और विराट कोहली के शतकों की मदद से भारत ने पहले बैटिंग करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया था लेकिन साउथ अफ्रीका ने एडन मार्करम के जोरदार शतक के दम पर करारा जवाब दिया. फिर मैथ्यू ब्रीत्जकी और डेवाल्ड ब्रेविस की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत में रिकॉर्ड चेज के दम पर जीत दर्ज की. रांची के बाद रायपुर में भी टीम इंडिया को टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करनी पड़ी और एक बार फिर उसने बड़ा स्कोर बनाया. लगातार दूसरे मैच में विराट कोहली ने यादगार पारी खेली. कोहली (102) ने वनडे में अपना 53वां शतक जताया. मगर भारतीय पारी के स्टार रहे ऋतुराज गायकवाड़ (105), जिन्होंने वनडे क्रिकेट में अपना पहला शतक जमाया, वो भी सिर्फ 77 गेंदों में. दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 195 रन की बेहतरीन साझेदारी भी हुई. वहीं कप्तान केएल राहुल ने आखिरी




ओवर्स में सिर्फ 43 गेंदों में 66 रन की पारी खेली.हालांकि, टीम इंडिया 400 रन के आस-पास पहुंच सकती थी लेकिन रवींद्र जडेजा (24 रन, 27 गेंद), वॉशिंगटन सुंदर (1 रन, 8 गेंद) और यशस्वी जायसवाल (22 रन, 38 गेंद) की धीमी पारियों ने ऐसा होने से रोक दिया. खास तौर पर टीम इंडिया ने आखिरी 10 ओवर में सिर्फ 74 रन बनाए. इसके चलते टीम इंडिया 358 रन तक ही पहुंच सकी. ये वही स्कोर था, जो 2019 में मोहाली में भी टीम इंडिया ने बनाया था और उसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने उसे चेज कर दिया था. इस बार भी कहानी वही रही.साउथ अफ्रीका ने क्विंटन डिकॉक (8) का विकेट जल्दी गंवा दिया था लेकिन दूसरी ओर से उप-कप्तान एडन मार्करम (110) भारतीय टीम के लिए आफत बने रहे और कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ शतकीय साझेदारी कर टीम इंडिया को मुश्किल में डालने लगे. इस दौरान 53 के स्कोर पर उनका कैच भी छूटा, जो टीम इंडिया पर भारी पड़ा. इसके बाद उन्होंने 88 गेंदों पर शतक जमाकर ही दम लिया. भारतीय टीम को जब उनका विकेट मिला तो वापसी की उम्मीद जगी लेकिन मैथ्यू ब्रीत्जकी और डेवाल्ड ब्रेविस ने तूफानी साझेदारी करते हुए साउथ अफ्रीका को मुकाबले में बनाए रखा. ब्रेविस ने सिर्फ 34 गेंदों में 54 रन

## कोहली आईसीसी वनडे बैटर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंचे

आईसीसी की लेटेस्ट वनडे बैटर्स रैंकिंग में भारत के विराट कोहली चौथे नंबर पर पहुंच गए। वहीं पूर्व कप्तान रोहित शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर रहे केएल राहुल को 2 स्थान का फायदा हुआ। गेंदबाजों में लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव नंबर-6 पर पहुंच गए। चारों को रांची वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन का फायदा मिला। साउथ अफ्रीका के खिलाफ रविवार को रांची में विराट कोहली ने शतक लगाते हुए 135 रन की पारी खेली थी। इसी पारी ने उन्हें 751 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पांचवें से चौथे नंबर पर पहुंचा दिया। रायपुर में खेले जा रहे दूसरे वनडे में कोहली ने सेंचुरी लगा दी। यह उनकी लगातार दूसरी सेंचुरी रही। शुभमन गिल पांचवें नंबर पर खिसके, वे इंजरी के कारण वनडे सीरीज




का हिस्सा नहीं हैं। रोहित 783 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर हैं। उन्होंने रांची में 57 रन बनाए थे। रायपुर में खेले जा रहे दूसरे वनडे में रोहित 14 ही रन बनाकर आउट हो गए। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल दूसरे और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान तीसरे नंबर पर हैं।

## भारत लगातार 20वीं बार वनडे में हारा टॉस तो कप्तान राहुल भी हैरान!

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे रायपुर में जैसे ही शुरू हुआ, टीम इंडिया के नाम एक हैरान करने वाला रिकॉर्ड जुड़ गया. भारत को लगातार 20वीं बार वनडे क्रिकेट में टॉस हारना पड़ा, जिससे केएल राहुल भी हैरान रह गए. राहुल ने कहा कि वह सीख तो रहे हैं, लेकिन कुछ भी काम नहीं कर रहा है.केएल राहुल ने टॉस हारने पर क्या कहा? साउथ अफ्रीका के कप्तान टेंबा बवुमा जैसे ही मैदान में आए, उन्होंने टॉस जीत लिया और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. इसके बाद रवि शास्त्री ने जब केएल राहुल से लगातार टॉस हारने को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा,टीम इंडिया को लगातार 20वीं बार वनडे क्रिकेट में टॉस हार का सामना करना पड़ा है. रोहित शर्मा के बाद शुभमन गिल और फिर केएल राहुल तीनों वनडे मैचों में लगातार टॉस हारते रहे हैं और अब यह आंकड़ा 20 तक पहुंच गया है. इसका सिलसिला 2023 वर्ल्ड कप फाइनल से शुरू हुआ था, जब रोहित शर्मा टॉस के साथ खिताब भी हार बैठे थे।

### एक नजर

## आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे ग्लेन मैक्सवेल और मोईन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए जानकारी साझा की है कि वह आईपीएल 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि उन्होंने नीलामी से बाहर होने का कारण नहीं बताया है। मैक्सवेल ने कहा, आईपीएल



में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद इस साल नीलामी में मैंने अपना नाम नहीं डालने का फैसला किया है। यह मेरे लिए एक बड़ा फैसला है और इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसके लिए मैं बहुत आभार के साथ यह फैसला ले रहा हूं। आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के रूप में गढ़ने में मेरी मदद की है। मैं काफी सौभाग्यशाली रहा हूं कि मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और बड़ी फ्रैंचाइज़ियों का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। इसके साथ ही उन प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला है जिनका जुनून अद्वितीय है। भारत की चुनौती, यादें और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इन वर्षों में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। उम्मीद है जल्द आपसे मुलाकात होगी।"मैक्सवेल के अलावा मोईन अली भी आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे, फाफ डुप्लेसी की तरह ही उन्होंने भी आईपीएल की जगह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) खेलने का फैसला किया है। मोईन 2018 से आईपीएल का नियमित हिस्सा थे और उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ दो खिताब भी अपने नाम किए थे। आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। आईपीएल 2025 में मैक्सवेल ने सात मैचों की छह पारियों में मात्र 48 रन बनाए थे, जिसमें 30 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। इसके साथ ही 8.46 की इकॉनमी से रन खर्च करते हुए मैक्सवेल ने चार विकेट हासिल किए थे। हालांकि सीजन के बीच में उन्हें फि ंगर इंजरी हुई जिसके चलते उनकी जगह पर पीबीकेएस ने मिचेल ओवेन को दल में शामिल किया था। ओवेन को पीबीकेएस ने आगामी सीजन के लिए रिटेन किया है। आईपीएल में मैक्सवेल कुल चार टीमों के लिए खेल चुके हैं। इन टीमों में पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शामिल हैं। आईपीएल 2024 के बाद आरसीबी ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था, जिसके बाद बड़ी नीलामी में पीबीकेएसने उन्हें खरीदा था।

## साउथ अफ्रीका टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान




**एजेंसी/नई दिल्ली**

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। जसप्रीत बुमराह को वनडे से आराम देकर टी-20 में शामिल किया गया। हार्दिक पंड्या और शुभमन गिल की भी टीम में वापसी हुई। टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। बुधवार को ही रायपुर में बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जर्सी भी लॉन्च की। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। उपकप्तान शुभमन गिल करीब दो हफ्ते बाद वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही वे मैच खेल पाएंगे। कोलकाता टेस्ट में उन्हें चोट लगी थी। हार्दिक पंड्या भी 73 दिन बाद टीम में लौट रहे हैं। वे एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा रहे रिंकू सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को स्क्वॉड में मौका नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रिंकू को एक ही मुकाबला खिलाया गया, लेकिन उनकी बैटिंग नहीं आ सकी। वे फिलहाल मुश्ताक अली टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के लिए टी-20 खेल रहे हैं। बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी भी लॉन्च कर दी। रायपुर में बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च हुई। इस दौरान टी-20 टीम के तिलक वर्मा और टूर्नामेंट के ब्रांड एम्बेसडर रोहित शर्मा भी मौजूद रहे।ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या एशिया कप में चोटिल हो गए थे। सुपर-4 स्टेज के मैच में लगी चोट की वजह से वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल नहीं खेल सके। इसके बावजूद टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। हार्दिक ने अब घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिफ्टी लगाकर वापसी की। उन्होंने बड़ौदा से खेलते हुए 77 रन बनाने के साथ 1 विकेट भी लिया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। पहली पारी में बैटिंग के दौरान स्वीप शॉट खेलने के बाद उन्हें गर्दन में खिंचाव महसूस हुआ। जिसके बाद वे रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां सामने आया कि वे क्रिकेट खेलने के लिए फिलहाल फिट नहीं हैं। उप कप्तान गिल को टी-20 टीम में मौका जरूर मिल गया, लेकिन वे शायद शुरूआती मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं। उन्हें मेडिकल टीम से फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही मुकाबले में उतारा जाएगा। रायपुर में साउथ अफ्रीका और भारत के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच खेला गया। 6 दिसंबर को तीसरा वनडे खेला जाएगा। फिर 9 दिसंबर से 5 टी-20 की सीरीज शुरू हो जाएगी। 5 मुकाबले 9, 11, 14, 17 और 19 दिसंबर को खेले जाएंगे। जिसके वेन्यू कटक, मुल्लांपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद हैं। वर्ल्ड कप की तैयारियों को देखते हुए यह सीरीज दोनों ही टीमों के लिए अहम है।

### टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

### टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

### टी-20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका टीम

ऐडन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्त्या और ट्रिस्टन स्टब्स।

## ओलिंपियन शूटर मनु भाकर रोहतक आईआईएम की स्टूडेंट बनीं, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा करेंगी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ओलिंपिक और शूटिंग वर्ल्ड कप में इतिहास रचने वाली हरियाणवी शूटर मनु भाकर अब रोहतक में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (क्क्ल्ट) की स्टूडेंट बन गई हैं। मनु भाकर का एडमिशन प्रोसेस पूरा हो गया है।खास बात यह है कि मनु भाकर ने आगे की स्टडी के लिए कोर्स भी स्पोर्ट्स फील्ड से ही चुना है। मनु यहां से पीजी डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की पढ़ाई करेंगी। परिवार के अनुसार, मनु ने खेल के बाद इसी से जुड़े बिजनेस को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में आगे की पढ़ाई करने का फैसला लिया है। मनु मूल रूप से झज्जर जिले के गोरिया गांव की रहने वाली हैं। उनकी स्कूली शिक्षा झज्जर के यूनिवर्सल स्कूल से हुई है। यह स्कूल उनके चाचा संचालित करते हैं। इसके बाद मनु ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन किया। उसके बाद चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पोस्ट ग्रेजुशन किया है। मनु ने 2024 के पेरिस ओलिंपिक में निशानेबाजी में डबल ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए थे। 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया था। वर्तमान में मनु का फोकस शूटिंग वर्ल्ड कप पर है, जो 2027-28 में भारत में ही होगा। वह इसकी तैयारी में जुटी हुई हैं।

**पिता बोले- मनु पढ़ाई से रिलेटेड फैसले खुद करती हैं:** मनु भाकर के पिता रामकिशन भाकर ने बताया कि मनु का अपनी पढ़ाई पूरी करने हमेशा से मन रहा है। स्पोर्ट्स के साथ उसने कभी अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ी। ये एक अच्छी बात है कि मनु ने आगे की पढ़ाई के लिए स्पोर्टस मैनेजमेंट बिजनेस कोर्स ही चुना है। पढ़ाई को लेकर हमने भी हमेशा मनु की चॉइस को माना है। उसने दिल्ली यूनिवर्सिटी का छरफ कॉलेज इसलिए चुना था, ताकि वहां पर किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। वह एक महिला कॉलेज है। मनु ने अपनी मास्टर डिग्री के लिए भी पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सब्जेक्ट अपनी भी अपनी इच्छा से ही चुना था।

**मां बोलीं- मनु पर किसी तरह का कोई प्रेशर नहीं:** मनु की मां सुमेधा भाकर ने कहा कि भगवान ऐसी बेटी सबको दे। आज बेटी ने देश का सिर फख्र से ऊंचा किया है। हमने कभी मनु पर किसी प्रकार का प्रेशर नहीं बनाया और मनु ने भी हमेशा सही रास्ता ही चुना है। फिलहाल मनु अपनी प्रैक्टिस पर ही ध्यान दे रही है। मनु ने स्पोर्ट्स में ही अपनी पढ़ाई को जारी रखने का मन बनाया है।



**भाई बोले- देशभर की यूनिवर्सिटी के बाद रोहतक चुना:** मनु के भाई अखिल भाकर फिलहाल दिल्ली यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बहन मनु ने अपनी मास्टर डिग्री के बाद अब आगे की पढ़ाई जारी रखने का मन बनाया है। मनु ने इस कोर्स के लिए देशभर की यूनिवर्सिटी से जानकारी जुटाने के बाद ही रोहतक क्क्ल्ट को चुना है। रोहतक के अलावा इस कोर्स की जानकारी कहीं ओर से नहीं मिली।

**शूटिंग वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही मनु:** मां सुमेधा ने बताया कि वर्तमान में मनु भविष्य में होने वाले शूटिंग वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही है। साल 2027-28 में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप और जूनियर निशानेबाजी वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी भारत करेगा। दोनों निशानेबाजी स्पधाओं का आयोजन स्थल नई दिल्ली होगा। राइफल, पिस्टल और शॉट-गन खेलों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

## हैदराबाद में लियोनल मेसी का जादू! तेलंगाना के मुख्यमंत्री करेंगे फ्रेंडली फुटबॉल मैच की शुरूआत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शुमार लियोनेल मेसी जल्द ही भारत आने वाले हैं, और उनके इस दौरे को लेकर उत्साह चरम पर है। खबर है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी मेसी की मौजूदगी में होने वाले एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच की शुरूआत करेंगे। यह मैच 13 दिसंबर को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह फ्रेंडली मैच तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले बड़े समारोह का हिस्सा है। हालांकि मैच के अन्य विवरणों की आधिकारिक घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी, लेकिन मेसी की मौजूदगी को लेकर पहले ही बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी केवल राजनीतिक ही नहीं बल्कि



खेल के मैदान में भी सक्रिय रहे हैं। वह खुद फुटबॉल खेलना पसंद करते हैं और हाल ही में उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अभ्यास भी किया। इससे पहले उन्होंने हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ दोस्ताना मैच भी खेला था। राज्य सरकार 1 से 13 दिसंबर तक दो साल पूरे होने का जश्न मनाने जा रही है। इसी दौरान रेवंत रेड्डी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट (8झ9 दिसंबर) के लिए आमंत्रित करेंगे। इस समिट का आयोजन प्रस्तावित भारत फ्यूचर सिटी में होगा। इस दौरान राज्य की विकास योजनाओं पर आधारित तेलंगना राइजिंग विजन डॉक्यूमेंट 2047 भी जारी किया जाएगा। 28 नवंबर को मुख्यमंत्री ने पुष्टि की थी कि वह भारत में होने वाले GOAT Tour to india 2025 के तहत मेसी का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। हैदराबाद उनका दूसरा पड़ाव होगा, इससे पहले वह कोलकाता पहुंचेंगे।

## हर्षित राणा पर आईसीसी की कार्रवाई : एक डिमेरिट पॉइंट दिया, पहले वनडे में ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की दिशा में इशारा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची में खेले गए पहले वनडे में भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर क्छ्उ ने कार्रवाई करते हुए एक डिमेरिट पॉइंट दिया है। राणा पर यह कार्रवाई 30 नवंबर को हुए मैच में डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की दिशा में इशारा करने के कारण की गई। आईसीसी ने इसे आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 का उल्लंघन माना है और राणा को लेवल-1 का दोषी करार दिया है। यह आर्टिकल खिलाड़ियों या अधिकारियों की ओर अनुचित भाषा या इशारा किए जाने से संबंधित है। लेवल-1 उल्लंघन में चेतावनी, अधिकतम 50% मैच फीस की कटौती और 1झ2 डिमेरिट पॉइंट तक की सजा शामिल होती है। रांची में रविवार को खेले गए पहले वनडे में, मैच के 22वें ओवर में हर्षित राणा ने ब्रेविस को



ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों डीप प्वॉइंट पर कैच करवाया। आउट होने के बाद राणा ने ब्रेविस की ओर इशारा किया, जिसे मैच अधिकारियों ने आक्रामक और अनुचित जेस्चर माना और इसी आधार पर उन पर कार्रवाई की गई। भारत ने पहला वनडे 17 रन से जीता। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। विराट कोहली की 135 रन की शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज कुलदीप यादव के चार और हर्षित राणा के तीन विकेटों ने भारत की जीत पक्की कर दी। कोहली ने 120 गेंदों में 11 चौके और 7 छक्के लगाए। रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। बल्लेबाजी के अनुकूल जेएससीए स्टेडियम की पिच पर भारत ने 8 विकेट पर 349 रन बनाए।